लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 29 जनवरी, 2025 / पेज: 14 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 107 www.janexpresslive.com/epaper



केजरीवाल छोटी कार से आए... 12

# बड़ौत में बड़ा हादसा : निर्वाण महोत्सव में ढहा मंच, सात की मौत

## 65 फीट ऊंचाई पर मंच, जाने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां, भीड़ बढ़ी तो ढह गई

जन एक्सप्रेस। बागपत (बड़ौत)

उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते चले गए। भगदड़ जैसे हालात हो गए। हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। 80 से अधिक घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोग खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचा रहे हैं। हादसा बागपत शहर से 20 किलोमीटर दूर बड़ौत तहसील में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। 65 फीट ऊंचा लकड़ी का मंच बनाया था। उस पर भगवान की 4-5 फीट ऊंची प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु भगवान तक पहुंचने के लिए मचाननुमा सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे। वजन बढ़ने से पूरा मचान नीचे गिर गया।





### हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई

प्रत्यक्षदर्शी अशोक जैन ने कहा- बल्ली गिरने के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। काफी देर तक समझ नहीं आया क्या करें? काफी लोग नीचे गिरे थे। कुछ नीचे दबे थे। सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रशासन ने बहुत सहयोग किया है। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी राजेश ने बताया- सभी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। बल्ली और बांस की सीढ़ियां बनाई गई थी। भक्त ऊपर चढ़ रहे थे, तभी अचानक एक बल्ली खिसक गई। उसके बाद एक-एक करके सभी बल्लियां खिसकने लगी। ये देखकर भगदड़ मच गई। कुछ लोग सीढ़ियों से लुढ़कते हुए नीचे आए। कुछ सीधे ऊपर से ही नीचे गिर गए। काफी लोग नीचे दबे थे। सभी लोग को मुश्किल से बाहर निकाला गया। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वहां उन्होंने आयोजकों से बातचीत की। घटना कैसे हुई इसके बारे में लोगों से पूछा।

### इनकी हुई मौत

हादसे में तरसपाल (66) पुत्र हुकमचंद गांधी रोड इमली वाली गली, अमित (35) पुत्र नरेश चंद, अरुण(48) पुत्र केशव राम, ऊषा (24) पत्नी सुरेंद्र, शिल्पी (24) पुत्री सुनील जैन, विनीत जैन (40) पुत्र सुरेंद्र, कमलेश जैन(65) पत्नी सुरेश चंद की मौत हो गई है। घायलों का उपचार चल रहा है।

### 25 वर्ष से हर साल होता था आयोजन

बता दें कि ये आयोजन करीब 25 वर्षों से प्रतिवर्ष होता है। जहां आयोजन हो रहा था वहां तभी भराव हुआ था। मिट्टी में नमी थी। आयोजन स्थल पर बनाए गए मंच पर श्रद्धालु अधिक संख्या में चढ़ने से बल्लियों का बैलेंस बिगड़ गया और रस्सियां टूट गई।

### घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल

हादसा होते ही ऊंचाई पर बना मंच भरभराकर नीचे गिर पड़ा और 15 पुलिस कर्मी और 75 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। इनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें अभी तक सात की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर है। वहीं मृतकों के पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया। मौके पर अधिकारी मौजूद हैं।

### हादसे में ये हुए हैं घायल

कविता जैन पत्नी पंकज जैन, विपिन जैन पुत्र प्रेमचंद जैन, शुभम जैन पुत्र सुनील जैन, रेखा पत्नी राजकुमार, रुचि जैन पत्नी विपिन जैन, काजल जैन पत्नी अंकुर जैन, शोभा जैन पत्नी सुनील जैन, बिजेंद्र जैन पुत्र प्रेमचंद जैन, पिंटू पंकज पुत्र बुध प्रकाश, बिजेंद्र जैन पुत्र अतरसेन जैन, संजय पुत्र मदनलाल।

**घायल पुलिसकर्मी**-आंनद तोमर हॉस्पिटल
मनीष, नीरज, रोबिन रानी, पिंकी, कुसुम, नीतू, बिरजू, सौम्या।

### संरक्षक बोले, बल्ली खिसकने से हुआ हादसा

कमेटी के संरक्षक प्रमोद जैन ने बताया, ये 26वां निर्वाण महोत्सव था। 65 फिट ऊंचे खंभे पर भगवान आदिनाथ की मूर्ति रखी गई थी। यहां पर हर साल लड्डू निर्माण महोत्सव होता है। खंभे पर चढ़ने के लिए बांस और बल्ली की सीढ़ियां बनाई जाती हैं। आज एक बल्ली खिसक गई, जिससे यह हादसा हो गया। उस समय सीढ़ी पर करीब 50 लोग थे, जो लोग घायल हो गए। उसके बाद कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। सीढ़ी से गिरने से लोगों की मौत हुई है।

### सीएम योगी ने डीएम को दिए निर्देश

सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया है। अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और राहत कार्य में तेजी लाने को कहा है। सीएम ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

### हादसे में मरने वाले 5 लोगों की पहचान हुई

हादसे में मरने वाले 5 लोगों की पहचान हो गई है। इनमें बागपत निवासी तरसपाल (80), अमित (40), ऊषा (65), विनीत और कमलेश शामिल हैं। अभी एक की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के पहले की इस तस्वीर में दिख रहा है कि स्तंभ के मंच तक पहुंचने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां बनाई गई थीं। मंच के पास वह स्तंभ है, जहां श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं। आज समारोह के दौरान मंच पर लोगों की भीड़ ज्यादा हो गई और लकड़ी से बना मंच वजन नहीं सह पाया। बागपत की डीएम अस्मिता लाल ने 5 लोगों की मौत की पुष्टि की। छठी मौत की पुष्टि अस्पताल प्रशासन ने की है। डीएम ने बताया-20 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। 20 लोगों का उपचार चल रहा है।

### मेडिसिटी में घायल

विधि जैन पुत्री वीरेंद्र जैन, विन्सी जैन पत्नी वीरेंद्र जैन, कल्पना पत्नी पवन जैन, पवन पुत्र श्रीपाल।

**आंनद तोमर हॉस्पिटल में इनका चल रहा उपचार**
शीला पत्नी, निधि पत्नी अतुल, अतुल पुत्र तेज बहादुर, पिंकी जैन पत्नी राजेन्द्र जैन आर्य नगर, पुजारी वंशराज।

# अलीगढ़ में आंबेडकर प्रतिमा हटाने पर बवाल, पुलिस पर पथराव, छह बाइक फूंकीं

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



28 जनवरी की शाम को अलीगढ़ में रोरावर क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर-भीमपुर में 27 जनवरी की रात को लगाई गई आंबेडकर की प्रतिमा को पुलिस द्वारा हटाने पर बवाल हो गया। गुस्साई भीड़ ने पहले पुलिस पर हमला किया और फिर पुलिस कर्मियों की छह बाइकें फूंक दीं जबकि पुलिस के चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ की। भड़की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। हवाई फायरिंग भी की गई। वहीं भीड़ की तरफ से किए गए पथराव में दस से ज्यादा पुलिस कर्मी चोटिल हो गए हैं। गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसएसपी समेत सभी आला अफसर कैंप किए हुए हैं। दरअसल गांव इब्राहिमपुर-भीमपुर में बघेल समाज और अनुसूचित जाति के लोगों के बीच ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा है। यहां ग्राम समाज की जमीन के दो प्लॉट खाली पड़े हैं। एक प्लॉट पर 27 जनवरी को बघेल समाज के लोगों ने मंदिर का निर्माण शुरू करा दिया। अनुसूचित जाति के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से की। पहुंची पुलिस ने मंदिर का निर्माण रुकवा दिया। वहीं 27 जनवरी की रात को दूसरे प्लॉट पर अनुसूचित जाति के लोगों ने आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। बघेल समाज के लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। प्रतिमा को हटवाए जाने की मांग गूंजने लगी। जब लोगों को लगा कि पुलिस प्रतिमा को हटा सकती है तो समाज के लोगों की भीड़ प्रतिमा स्थल को घेरकर बैठ गई। अफसरों ने लोगों को समझा-बुझाकर प्रतिमा हटवाने की कोशिश की लेकिन लोग तैयार नहीं हुए। वहीं इससे गांव में भी तनाव बढ़ रहा था। 28 जनवरी शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस ने यहां से प्रतिमा हटा दी और उसे लेकर जाने लगे। इस पर दो दिन से प्रतिमा स्थल को घेरकर बैठे लोग भड़क गए और पुलिस पर पथराव कर दिया। क्योंकि उस समय पुलिस वालों की संख्या कम थी लिहाजा भीड़ के आगे रुक नहीं पाए भागकर जान बचाई। पुलिस वाले अपने चार पहिया और दोपहिया वाहन वहीं छोड़ भागे। भीड़ ने दोपहिया वाहनों में आग लगा दी जबकि चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ कर दी।

# यूपी : पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पूरे प्रदेश में होगी बारिश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्रदेश का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक 29 जनवरी को मौनी अमावस्या से यूपी के पश्चिमी हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं। साथ ही प्रदेश में एक और विक्षोभ तीन फरवरी से सक्रिय हो रहा है जो पूरे प्रदेश में तीन से छह फरवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश कराएगा। यह जनवरी का अब तक का शक्तिशाली विक्षोभ होगा जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों से नमी लेकर पूरब से लेकर पश्चिम तक तीन दिनों तक बारिश कराएगा। बृहस्पतिवार से प्रदेश में हवा का रुख बदलकर पूर्वा हो जाएगी। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के 33 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी किया है। मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में धूप खिलने से दिन में तो ठंड से राहत रही लेकिन रात में गलन बरकरार रही। तराई इलाकों में अभी सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहेगा।

**अत्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट**

गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, रामपुर, बरेली, पीलीभीत व आसपास के इलाकों में।

### दो विक्षोभ के असर से भीगेगा पूरा यूपी

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 29 जनवरी को सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ और बूंदाबांदी का असर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में 31 जनवरी तक बना रहेगा। इसके बाद एक और शक्तिशाली विक्षोभ पूरे प्रदेश में तीन से छह फरवरी के बीच हल्की से मध्यम बारिश कराएगा।



# मौनी अमावस्या के दृष्टिगत डीआईजी ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



प्रयागराज महाकुंभ व बुधवार को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी ने मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रेलवे स्टेशन के निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक ने रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों से सामान्य ट्रेनों तथा मेला स्पेशल ट्रेनों के आवागमन की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों से कहा कि जब ट्रेनों का आवागमन हो, तो उसकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दी जाए। इसके बाद डीआईजी ने रेलवे व पुलिस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने ट्रेनों के आवागमन के शेड्यूल की जानकारी ली। उन्होंने जीआरपी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि 28, 29 व 30 जनवरी का ट्रेनों के संचालन का चार्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए पहले से ही प्रबंध हो सके। इसके पूर्व डीआईजी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मेले के लिए की गई तैयारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल सहित रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म में किशोर को भेजा बाल सुधार गृह

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आठ साल पहले घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर किशोर न्याय बोर्ड की न्यायाधीश ने तीन साल के लिए किशोर को बाल सुधार गृह गाजीपुर भेजने का आदेश दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने वर्ष 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मोहल्ले के ही एक किशोर ने उसकी नाबालिग बेटी को प्रेमजाल में फांस लिया और घर पर आने-जाने लगा। दोनों के नाबालिग होने से घर के लोग शक नहीं करते थे। एक दिन घर पर बेटी अकेली थी तभी किशोर घर आ गया और बेटी से दुष्कर्म किया। किशोरी के चिल्लाने पर किशोर भाग गया। किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी थी। पुलिस ने किशोर के खिलाफ घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# ब्रजराज यादव बने अनुशासन समिति के सदस्य, हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस । उरई



बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा उरई के अधिवक्ता बृजराज सिंह यादव रिछारा को अनुशासन समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है, इसकी जानकारी जिला बार संघ के महामंत्री पंकज खरे ने दी।अनुशासन समिति का सदस्य बनाए जाने पर जिला वार संघ द्वारा जजी के राजेंद्र रावत सभागार में कार्यक्रम वरिष्ठ अधिवक्ता यज्ञदत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी। जिला जजी के राजेंद्र रावत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बार संघ अध्यक्ष भगवती शरण मिश्रा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा बृजराज सिंह यादव को अनुशासन समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है, यह जिले के लिए गर्व की बात है। वह जिले के अधिवक्ताओं के हित में काम करेंगे। इस दौरान अनुशासन समिति के सदस्य मनोनीत किए गए ब्रजराज सिंह यादव ने कहा कि वह सही तरीके से काम करेंगे। साथ ही किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं देंगे। इस दौरान बार संघ के भूपेंद्र विक्रम वेद, पूर्व अध्यक्ष उदय शंकर द्विवेदी राजा, राजेश चतुर्वेदी, गिरीश श्रीवास्तव, राम प्रकाश, सुनीता कुशवाहा, बबलू पाल, मुकेश, वीरू रिछरा, राघवेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष सूरज सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह पाल, साधना त्रिपाठी, नेहा निरंजन, मजहर, लोकेंद्र सिंह कुशवाहा सहित बार संघ एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे।

# बदौसा को हराकर काठिलिहाई की टीम ने जीता मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें संस्करण का फाइनल मुकाबला कोठिलिहाई और बदौसा टीम के बीच खेला गया। जिसमें कालिका देवी टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की विजेता टीम बदौसा को हराकर कोठिलिहाई ने माँ कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हुए बदौसा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन बनाए। जिसमें जाहिद के 40 रन शामिल रहे। 128 रनों का लक्ष्य हासिल करने उतरी काठिलिहाई की टीम ने 17वें ओवर में 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। काठिलिहाई की तरफ से मैच में 20 रन और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी आकाश को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तथा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने वाली कोठिलिहाई टीम के कप्तान को मुख्य संरक्षक रामकरण त्रिपाठी द्वारा 31,000 हजार रुपये की धनराशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही उपविजेता टीम को 15,000 रुपये की नगद धनराशि और ट्राफी प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट में धाता के खिलाड़ी राम तिवारी को सीरीज का सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी चुना गया तथा पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर संदीप त्रिपाठी, संरक्षक रामकरण त्रिपाठी (बब्बू महाराज), ग्राम प्रधान मोहन लाल वर्मा, मेराज सिद्दीकी, सुभाषचंद्र मिश्रा, मिथलेश कुशवाहा, राजेन्द्र त्रिवेदी, प्रेमसागर वर्मा, फूलचंद्र निषाद, नीरज त्रिपाठी, शिवम निषाद, ओमशंकर वर्मा, आयुष, अभिषेक, चंद्रशेखर, रामप्रकाश, महेश यादव, लोकनाथ यादव, रोहित यादव, पुनीत आदि मौजूद रहे।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान बेअसर

जन एक्सप्रेस । उरई

नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान सिर्फ दो दिन में दम तोड़ता दिख रहा है। पेट्रोल डलवाने के लिए बाइक चालक आसानी से बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवा रहे हैं। जबकि पंप संचालकों ने नुकसान से बचने के लिए स्वयं ही नियमों को धता बता दिया है। इसे लेकर शहर के अंदर पेट्रोल पंपों पर पड़ताल की गई तो कई जगह पर बिना हेलमेट के लिए पेट्रोल भरता दिखा, तो कई जगह पर कर्मी खुद हेलमेट देकर पेट्रोल भर रहे थे। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला ने कहा कि जो नियम आए थे, उनका पालन करवाया जा रहा है। अगर कोई हेलमेट नहीं लगा रहा है तो पुलिस को उसका चालान करना चाहिए। विभाग चालान नहीं कर सकता है। एआरटीओ, प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि कई पेट्रोल पंप पर निरीक्षण किया गया है। सभी को हिदायत दी गई है अगर कोई भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विज्ञापन

# जिला कारागार की पाकशाला का एडीजे ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जिला कारागार चित्रकूट का निरीक्षण किया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बंदियों को जागरूक किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जिला कारागार में बैरिक नम्बर 21 का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बन्दियों से वार्ता की। उन्होंने बंदियों से कहा कि आप सभी किसी गलती के कारण यहां निरूद्ध हैं। यहां से निकलने के बाद आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। कहा कि जेल में निरूद्ध रहते हुये शिक्षा पर विशेष ध्यान दे ताकि जेल से रिहा होने के बाद आप नई पहचान के रूप में समाज में एक सम्मान की जिन्दगी जी सके और दूसरे को भी प्रेरणा भी दे सके। बताया कि कोई भी बन्दी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पराविधिक स्वयं सेवक को अवगत कराकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जेल अधीक्षक के माध्यस से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने जिला कारागार अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल-चाल जाना। उन्होंने बीमार बंदियों के समुचित उपचार व मानसिक रूप से बीमार बंदियों की विशेष देखभाल के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला कारागार के पाकशाला का भी निरीक्षण किया, जहां मीनू के अनुसार भोजन तैयार होते पाया गया।

इस दौरान सचिव ने बंदियों को बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो जरूरतमन्द लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानतें हो गयी है, रिहाई शेष है, से वार्ता कर रिहाई के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया। इस मौके पर अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर सन्तोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह सहित जेल सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला कारागार चित्रकूट में विचाराधीन बन्दियों के हितार्थ विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट द्वारा सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार दीक्षित/ए.सी.जे.एम. चित्रकूट को नामित किया गया। जिनके द्वारा जिलाकारागार चित्रकूट में निरूद्ध विचाराधीन एक बंदी द्वारा स्वेच्छा से जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर मामले का निस्तारण किया गया।

# सपा ने किया पीडीए चर्चा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा 236 चित्रकूट के वीरघुमाई सुर्की एवं बरद्वारा में पीडीए चर्चा का आयोजन किया गया। साथ ही विधानसभा 237 मानिकपुर के पैकौरा व सेक्टर में भी पीडीए चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें सपाईयों ने ग्रामीणों को सपा की उपलब्धियों की जानकारी दी।

विधानसभा 236 चित्रकूट में आयोजित पीडीए चर्चा में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि पीडीए की एकता से ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की रक्षा की जा सकती है। सूरज सिंह पटेल ने बताया कि समाजवादी लोग पीडीए पिछड़ा, दलित अन्य की वकालत करते रहे हैं। मानिकपुर में पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने से पहले देश में पीडीए समाज को शिक्षा, संपत्ति जैसी मूलभूत चीजों से दूर रखने का कुचक्र रचा गया था। डॉ. आंबेडकर ने शोषित पीड़ित समाज को संविधान के माध्यम से जीवन जीने का हक दिया।

इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट राकेश प्रजापति, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पाल यादव, सेक्टर प्रभारी संतोष यादव, पूर्व प्रधान राजकरण पटेल, महासचिव सत्यनारायण पटेल, लवलेश यादव, सीताराम कश्यप, अरशद खान, राजा यादव, समीर विश्वकर्मा, धनंजय चंदेला, गणेश पटेल, प्रधान चोरहा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा करेगी अटलजी की स्मृतियों का संकलन, 15 फरवरी से 15 मार्च तक होंगे अटल विरासत सम्मेलन

जन एक्सप्रेस । उरई




भारतीय जनता पार्टी अटल जन्म शताब्दी वर्ष मना रही है, पार्टी ने निर्णय लिया है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई से जुडी स्मृतियों का संकलन किया जाएगा और 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन जनपद में किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार 14 जनवरी 2025 से लगातार अटल जी की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में जनपद के ऐसी व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। जिसके पास अटल जी से जुड़ी कोई स्मृति हो उक्त स्मृतियों का संकलन कर उन्हें संरक्षित किया जाएगा। अटल विरासत सम्मेलन में जिले के प्रबुद्ध जन विशिष्ट व्यक्ति और अटल जी के प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं जिन्होंने अटलजी के साथ कार्य किया हो, उनका सम्मान किया जाएगा। अटलजी के व्यक्तित्व पर लिखी पुस्तकों के लेखकों को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यरूप में उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह, जगदीश तिवारी, जिलामहामंत्री रविंद्र प्रताप, विवेक कुशवाहा, रामनुग्रह गुर्जर, पुष्पेंद्र सेगर, मनोज यादव, शक्ति गहोई, नीरज दुबे, वीर प्रताप जादौन, आदि उपस्थित रहे।

## किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के मलथुआ में गरीब किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में जांच पड़ताल शुरू कर दी। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मलथुआ निवासी विकल भाट 35 वर्ष अपने भाइयों से अलग रहकर खेती किसानी से अपने परिवार का गुजारा करता था। पिछले साल उसने अपने हिस्से की 6 बीघा जमीन दूसरे को बलकट जुतवा दी थी। जिसको लेकर उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी ने विरोध किया था। बताया कि जमीन के पैसे खर्च होने के बाद उसके सामने भारी समस्याएं खड़ी हो गई थी और परिवार के लिए दो जून की रोटी जुटाना उसके लिए मुसीबत बन गई थी। कुछ महीने पहले विकल ने मजदूरी भी इधर-उधर करनी शुरू कर दी थी। लेकिन संगत खराब होने की वजह से उसको शराब की लय लग गई थी और उसने नशा करना शुरू कर दिया था। जिसको लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था और गांव में उसने दो-चार दिन पहले किसी से खुदकुशी करने की बात भी कही थी। सोमवार की देर शाम गौशाला के पास बांध के बगल में खड़े नीम के पेड़ पर अंगोछे से उसका शव लटकता मिला। पेड़ पर शव लटका देख खेतों पर काम कर रहे किसानों ने देखा, तो उनमें हड़कंप मच गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मामले में थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया मामला खुदकुशी का है, पीएम रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के बाद पत्नी लक्ष्मी देवी व इकलौते पुत्र 11 वर्षीय रवि का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कुंभ मेले में जा रहे श्रद्धालुओं का डीएम-एसपी ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । उरई



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन पर कुम्भ मेला में जा रहे श्रद्धालुओं को माला पहनाकर स्वागत किया और उनकी सुखद यात्रा की कामना की।

डीएम ने कहा कि कुम्भ मेला भारतीय संस्कृति और आस्था का अद्वितीय पर्व है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को सुगम और सुखद बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कुम्भ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वे यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।इस अवसर पर एडीएम संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनन्द सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अर्चना सिंह सहित रेलवे स्टेशन के अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में मासूम की मौत, परिजनों ने एएनएम पर लगाए आरोप

जन एक्सप्रेस । उरई

माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मई में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मासूम की मौत हो गई। परिजनों द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एएनएम व उसकी सहायका पर गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया जा रहा है।

माधौगढ़ के ग्राम मई निवासी कंचन पत्नी दौलत 23 जनवरी को अपने डेढ़ माह के बच्चे को टीका लगवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई हुई थी। आरोप है कि वहां पर मौजूद एएनएम लक्ष्मी व सहायिका ने बच्चे को जैसे ही पहला इंजेक्शन लगाया, वैसे ही बच्चे का बहुत तेज रोना शुरू हो गया। इसके बाद उन्होंने तुरंत दूसरा इंजेक्शन भी लगा दिया, बल्कि मां के मना करने के बाद भी बच्चे को एएनएम व सहायिका ने उसे तीसरा इंजेक्शन भी लगा दिया। बच्चे के चुप न होने पर परिजनों ने एएनएम को बच्चे को देखने के लिए कहा, लेकिन एएनएम ने दोबारा बच्चे को देखने की जहमत नहीं उठाई। बल्कि उसे घर ले जाने को कह दिया। नतीजन मासूम ने देर रात दमतोड दिया। बताया गया कि महिला का पति व ससुर घर से बाहर थे, उधर खुद को फंसता देख एएनएम ने बच्चे के पिता के आने के पहले ही उसका जल प्रवाह करा दिया।नतीजन मासूम ने देर रात दमतोड दिया। बताया गया कि महिला का पति व ससुर घर से बाहर थे, उधर खुद को फंसता देख एएनएम ने बच्चे के पिता के आने के पहले ही उसका जल प्रवाह करा दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। मामले में चिकित्साधीक्षक डा. प्रदीप राजपूत ने बताया कि बच्चे का वैक्सीनेशन किया गया था। जिसमें सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया था। फिलहाल उसकी मौत के कारणों का पता नहीं है।

# बाइक चोर गिरोह के सरगना से पुलिस की मुठभेड़, 15 बाइक बरामद

- पुलिस की फायरिंग में गोली लगने से बदमाश हुआ घायल

जन एक्सप्रेस । उरई



कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम की बाइक चोरी करने वाले गिरोह से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से एक शातिर चोर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।सूचना मिलते ही एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

शहर कोतवाली पुलिस व एसओजी को सूचना मिली कि फैक्ट्री एरिया में बाइकों को चोरी करने के बाद उन्हें काटा जा रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, एसओजी के प्रभारी सतीश कुशवाहा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर 2 पर जाकर जांच की। जहां टीम ने टॉर्च जलाकर देखा तो बाइक को चोर काट रहे थे। चोरों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिस टीम बाल बाल बच गई। जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें वहां मौजूद एक चोर के पैर में गोली लग गई, जबकि अन्य लोग भाग गए। घायल अवस्था में देखते हुए पुलिस ने चोर को पकड़कर तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया। पूछताछ के दौरान चोर ने अपना नाम नीरज पुत्र राम प्रसाद बेड़िया निवासी रिठारी थाना कुरारा जिला हमीरपुर बताया। पुलिस ने उसकी निशान देही पर फैक्ट्री एरिया से 15 चोरी की बाइकें और एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा और बाइकों को खोलने व काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं। वहीं मुठभेड़ की सूचना मिलते ही जालौन के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने मौका मौका-मुआयना किया साथ ही घटनास्थल को भी देखा। इस दौरान एसपी ने बताया कि जिस बदमाश से मुठभेड़ हुई है उसके खिलाफ 13 आपराधिक मामले अलग-अलग थाना क्षेत्र में दर्ज है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों कई चोरी की सूचना आई थी। जिसके बाद लगातार पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा था।

## वाहन को ओवरटेक करने में स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी, चार को आई चोट



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

वाहन को ओवरटेक करने में स्कूली बच्चों से भरी वैन पलट गई। वैन में 15 बच्चे सवार थे। इनमें चार को चोटें आने पर उनका जसपुरा सीएचसी में इलाज किया गया है। शेष बच्चों की मरहम पट्टी कर उन्हें छुट्टी कर दी गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। कस्बा के इंग्लिश मीडियम स्कूल सेंट बीएन पब्लिक स्कूल की ईको वैन मंगलवार को सुबह आठ बजे सिकहुला गांव से बच्चों को वैन में सवार कर स्कूल आ रहा था। जसपुरा कस्बे के पहले सिकहुला मार्ग पर स्थित पेट्रोप पंप के पास से गुजर रहे वाहन को ओवरटेक करने में वैन चालक ने वैन की स्पीड तेज कर दी। इससे वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन में सवार सभी 15 बच्चे चोटहिल हो गए। राहगीरों ने हादसा होते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने सभी बच्चों को इलाज के लिए जसपुरा सीएचसी पहुंचाया गया। जसपुरा सीएचसी में कार्तिक (12) पुत्र शैलेंद्र सिंह, कौशल (12) व अनुज (10) पुत्रगण बृजेश सिंह व फैजान (10) का इलाज किया गया। शेष बच्चों को मामूली चोट आने पर छुट्टी कर दी गई। वैन की क्षमता आठ बच्चों की बताई जा रही है। सीओ बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि वैन अनियंत्रित होकर पलटी है। बच्चों का इलाज कराया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, घायल हुए दस लोग

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दो कारों की टक्कर में दस लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बंगालीपुरा मोहल्ला निवासी शिवकांति सिंह (56) अपने परिवार की ग्वालियर निवासी शीलू सिंह (36), शानवी सिंह (9), पुत्र शिवांश (1), जाह्नवी सिंह (5), सूबी सिंह (7), नेहा सिंह (28), नीलू सिंह (35) के साथ अपने गांव देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में भागवत कथा के आयोजन में मंगलवार को दोपहर कार से जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर बाईपास के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन में दूसरी कार में सवार होकर बांदा शहर के बिजली खेड़ा निवासी सुधांशु राजन (37) अपनी बहन आंबेडकर नगर निवासी अर्चना वर्मा (45) के साथ तिंदवारी से लौट रहे थे। मोड़ पर दोनों कारों में आमने-सामने साइड से टक्कर हो गई।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, भाई ने कहा, ससुरालियों ने गला दबा की हत्या

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

डिलीवरी के कुछ दिन बाद महिला बीमार पड़ गई। ससुराली वाले इलाज कराने कानपुर ले गए। वहां उसने दम तोड़ दिया। मायके पक्ष ने दहेज में बाइक और सोने की चेन न देने पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पतवन गांव निवासी उमा देवी (23) की कानपुर में प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान 26 जनवरी को मौत हो गई। पति कौशल प्रजापति ने बताया कि 30 दिसंबर को उमा ने बच्चे को जन्म दिया था। डिलीवरी के कुछ दिन बाद उमा की तबीयत खराब हो गई। बुखार आने से प्लेट्लेट्स भी घट गईं। उमा को जिला अस्पताल और रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में दिखाया। वहां से डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में पहले हैलट अस्पताल, फिर प्राइवेट अस्पताल में ले गए। 26 जनवरी को उमा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शव लेकर गांव आए और पुलिस को सूचना दी।























# भाजपा राज में पीडीए का अपमान: इं0 वीरेन्द्र यादव

- समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद की समस्त विधानसभाओं के विभिन्न सेक्टरों में पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए गये।विधानसभा क्षेत्र सदर एवं सलोन के बन्दरामऊ एवं निगोही सेक्टरों में आमजनों महिलाओं किसानों से चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जनपद में अन्याय अत्याचार चरम पर है किसानों में निराशा,युवाओं में बेरोज़गारी व महिलाओं में असुरक्षा का भय व्याप्त है।महापुरुष बाबा साहब एवं नेता जी मुलायम सिंह के प्रति भाजपा के नेता अमर्यादित एवं अपमानजनक बयान देकर पीडीए समाज का अपमान किया जा रहा है।




विधानसभा क्षेत्र बछरावा के नेरुथुवा एवं गुमावा सेक्टर में आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि बीजेपी राज में पिछड़े,दलित,अल्पसंख्यक समाज के साथ अन्याय,अत्याचार चरम पर है देश के संविधान निर्माता बाबा साहब के ऊपर अपमानजनक बयान देकर देश के गृह मंत्री अमित शाह ने संपूर्ण देशवासियों का अपमान किया है उन्होंने कहा बीजेपी राज में सरकारी अधिकारी निरंकुश हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी,विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष भानू पटेल,लाला यादव आदि ने उपस्थित जनों से मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा किया इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। विधानसभा क्षेत्र सलोन के निगोही सेक्टर में जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव,चौधरी सुरेश निर्मल,वरिष्ठ नेता ओपी यादव,राजेश मौर्या,ब्लॉक अध्यक्ष,आदर्श यादव, रामनेवाज गंगाशंकर ,विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव आदि द्वारा उपस्थित ग्रामीणों महिलाओं से जनसरोकर की समस्याओं एवं बीजेपी सरकार की तानाशाही पर विचार व्यक्त किया।

विधानसभा क्षेत्र रायबरेली के सेक्टर बन्दरामऊ में पीडीए चर्चा कार्यक्रम में क्षेत्र में हो रहे उत्पीड़न अन्याय एवं विगत दिनों कई दलितों की हत्याओं पर चर्चा हुई कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव,पूर्व प्रत्याशी आरपी यादव,हसीन अहमद,कल्लू चौधरी,ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष यादव, सेक्टर प्रभारी छोटेलाल पासी,अजय यादव आदि ने उपस्थित लोगों से संवाद कर जनसमास्याओं, बाबा साहब के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी पर चर्चा की गयी विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के सेक्टर अतरहर के ग्राम लोदीपुर में ग्राम वासियों, महिलाओं से ब्लॉक अध्यक्ष डा.संतलाल,पिंटू यादव,सेक्टर प्रभारी अमरपाल,दीपू शुक्ला,महेंद्र यादव आदि द्वारा समाजवादी पार्टी सरकार में इस क्षेत्र में किए गए कार्यों पर एवं वर्तमान बीजेपी सरकार में आमजनों के साथ अन्याय उत्पीड़न एवं बीजेपी नेताओं द्वारा महापुरुषों के अपमान पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर सभी सेक?टरों में उपस्थित आमजनों महिलाओं, छात्रों, युवाओं एवं मजदूरों द्वारा यह संकल?प लिया गया कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है सभी सेक्टरों में बडी संख?या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वर्दी पहनकर लोगों से अवैध वसूली करने वाला फर्जी दरोगा गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को जनपद पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया।यह आरोपी फर्जी पुलिस अधिकारी बन शादी भी कर ली थी।और दहेज के नाम पर एक कार और दस लाख रुपये भी हांसिल कर लिया।उसके बाद यह फर्जी दरोगा अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्दी पहनकर लोगो से अवैध वसूली करने लगा।मंगलवार को मुसाफिरखाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के बाहर एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में लोगों से अवैध वसूली कर रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि प्रमोद पुलिस में भर्ती होना चाहता था।लेकिन कम पढ़ाई होने के चलते वह दरोगा नहीं बन पाया था।प्रमोद कुमार पुलिस बनने के जुनून में एक दुकान से वर्दी खरीदी।और अन्य सामान जुटाकर फर्जी दरोगा बन गया।यही नही वह अपने परिवार में भी झूठ बोला कि वह यूपी पुलिस में दरोगा बन गया है।इसी झूठ के सहारे उसकी शादी भी तय हो गई।शादी के कार्ड पर भी यूपी पुलिस छपवाया गया।दहेज में उसने एक ब्रेजा कार और दस लाख रुपए नकद समेत लाखों का सामान भी लिया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।प्रमोद रेलवे स्टेशन के बाहर ट्रेन से उतर रहे लोगों से जब हड़का रहा था।इसके साथ ही गाड़ी खड़ी करने वाले लोगों से अवैध वसूली कर रहा था।उसी दौरान वो पुलिस के हत्थे चढ़ गया।मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह ने कहा कि एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है।इसी थाना क्षेत्र के पोस्ट कोदौली दादरा गांव का रहने वाला है।उसके पिता का नाम भरत कुमार है।फिलहाल पूरे मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही।

# शिक्षकों ने जलायी यूनिफाइड पेंशन स्कीम की प्रतियां



**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

अटेवा के आवाहन पर शिक्षक संगठनों ने शिक्षकों के साथ ब्लाक संसाधन केन्द्र तिलोई पर एकत्र होकर विरोध स्वरूप में यू पी एस मुर्दाबाद एवं ओ पी एस जिन्दाबाद के गगन भेदी नारों के साथ प्रतियां जलाईं।जलाने से पूर्व रमाकान्त मौर्य महामंत्री जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अमेठी,राज किशोर जिलाध्यक्ष सीनियर बेसिक शिक्षक संघ अमेठी एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों को पेंशन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सम्बोधित किया।सभी उपस्थित शिक्षकों एक स्वर में ओ पी एस बहाली के लिए संघर्ष करने का ऐलान किया।इस दौरान काफी तादाद में शिक्षक उपस्थित रहे।

## एनएसपीएस स्कूल त्रिपुला में मनाई गई लाला लाजपत राय जी की जयंती

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। छात्रा श्रेया और अभिजीत ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि 28 जनवरी 1865 को जन्मे लाला लाजपत राय का जीवन एक साधारण छात्र, स्वतंत्रता संग्राम के पर्यवेक्षक, भारतीय वकील, लेखक, पत्रकार और बाद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में विकसित हुआ लाला जी कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं में से थे जिन्हे लाल-बाल-पाल ( लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल) कहा जाता था। एक राजनीतिज्ञ के रूप में उन्होंने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में बहुत बड़ा योगदान दिया। 1920 के कलकत्ता अधिवेशन में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया,1921 में उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ पीपल्स सोसाइटी की स्थापना की, जो एक गैर-लाभकारी कल्याणकारी संगठन था। उनका मानना था कि हिंदू समाज को जाति व्यवस्था, महिलाओं की स्थिति और अस्पृश्यता के साथ अपनी लड़ाई खुद लड़ने की जरूरत है, जाति या लिंग के भेद के बिना सभी को वेद पढ़ने और सीखने की अनुमति होनी चाहिए। जब 30 अक्टूबर 1928 को साइमन कमीशन लाहौर आया तो लाला लाजपत राय ने इसके विरोध में एक अहिंसक मार्च का नेतृत्व किया इस मार्च में पुलिस अधीक्षक जेम्स ए. स्कॉट ने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने का आदेश दिया और राय पर व्यक्तिगत हमला किया जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई, वह अपनी चोटों से पूरी तरह उबर नहीं पाए और 17 नवम्बर 1928 को उनकी मृत्यु हो गई प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि फ्रसरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।

# युवाओं के लिए नौकरी पाने का मौका, आज लगेगा रोजगार मेला

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है।ऐसे ही आज बुधवार को संजय गांधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर में एक दिवसीय निशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार का अवसर दिया जाएगा।जिसमें मैकेनिक,इलेक्ट्रॉनिक डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।इस संबंध में उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर शामिल हो सकते हैं।

बताते चले कि इस रोजगार मेले में अलग-अलग शहरों की कंपनियां भाग ले रही हैं।और युवाओं का योग्यता के अनुसार चयन करेंगी।इन कंपनियों में हेल्थ,इलेक्ट्रॉनिक हर्बल,ऑटो पार्ट्स, इलेक्ट्रिशियन के अलावा अन्य कंपनियां भी भाग लेंगी।कंपनियों द्वारा पूरी जानकारी रोजगार मेला परिसर में साझा करते हुए युवाओं का चयन उनकी योग्यता के अनुसार किया जाएगा।इसका लाभ बेरोजगारों को मिलेगा और उन्हें कंपनियों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।रोजगार मेले में 18 वर्ष से 45 साल के अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते हैं।उन्हें अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड,फोटो के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी कागजात साथ रखने होंगे।बिना डॉक्यूमेंट्स के आप इस मेले में शामिल नहीं हो पाएंगे।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है।पिछले साल भी हजारों बच्चों को सेवायोजित करने का काम किया गया था।और इस बार भी हम कई रोजगार मेलों में सैकड़ों अभ्यर्थियों को रोजगार दिलवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बार रोजगार मेले में हमारा लक्ष्य है की ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से नौकरी पाने का मौका मिले।

# एनटीपीसी में विविधता के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऊंचाहार एनटीपीसी ऊंचाहार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्यता एवं अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया परियोजना के प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने स्टेडियम परिसर में झंडारोहण किया तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों एवं स्कूली बच्चों की परेड की सलामी ली छाबड़ा ने अपने संबोधन में एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना की उपलब्धियां की चर्चा करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी छाबड़ा ने कहा कि देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना है इस अवसर पर स्कूली बच्चों तथा सीआईएसएफ के द्वारा झांकियां का प्रदर्शन किया गया इस शानदार कार्यक्रम का दायित्व निभाने के लिए सीआईएसएफ के कर्मियों को सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर परियोजना के स्कूली बच्चे तथा प्राइमरी स्कूल खुर्रामपुर भारत काउंसलिंग तथा द्वारा देशभक्ति से पूर्ण मनोहरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# एनटीपीसी के निदेशक जयकुमार श्रीनिवासन ने किया एनटीपीसी ऊंचाहार का दौरा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



ऊंचाहार एनटीपीसी के निदेशक वित जयकुमार श्रीनिवासन तथा निदेशक प्रचालन रविन्द्रकुमार दो दिवसीय दौरे पर ऊंचाहार परियोजना में पहुंचे उनके साथ एनटीपीसी के क्षेत्रीय का कार्यकारी निदेशक उत्तर एन श्रीनिवास राव तथा एनटीपीसी मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी दौरा किया निदेशक गणों ने परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे मेन प्लांट क्षेत्र नियंत्रण कछ सीएचपी के विभिन्न साइट के निरीक्षण के साथ-साथ एफजीडी कार्यप्रणाली का अवलोकन किया दोनों निदेशक गणों ने परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा आवश्यक मार्गदर्शन दिया दोनों निर्देशकों ने परियोजना परिसर में नवनिर्मित अंबेडकर सभागार का पूजा अर्चना करके लोकार्पण किया तथा डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए सभी अधिकारियों ने ऊंचाहार परियोजना में संचालित बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला से संबंधित फिल्म को देखा तथा परियोजना की कर सीएसआर गतिविधियों की मुक्त कंठ से सराहना की सभी अधिकारियों ने ऊंचाहार परियोजना में स्थित सुरक्षा अकादमी का भी भ्रमण किया अपनी यात्रा के दौरान सभी अधिकारियों ने वृक्षारोपण भी किया इस मौके पर ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ामहाप्रबंधक रवि प्रकाश अग्रवाल सहित सभी विभागअध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण निर्देशकों की यात्रा के दौरान उनके साथ मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद-रायबरेली

पत्रांक: 300/अधि0अधि0न0प0स0/ई-टेण्डर/2024-25 | दिनांक-28.01.2025

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक-30.01.2025 से 20.02.2025 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक-21.02.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे निविदाएं खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। **नोट-** शासन द्वारा प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि से भुगतान किया जायेगा शेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त होने पर किया जायेगा।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | 29-01-2025 | - |
| 2- | | Tender Download | 30-01-2025 10:00 am | 20-02-2025 05:00 pm |
| 3- | | Bid Submission | 30-01-2025 10:00 am | 20-02-2025 05:00 pm |
| 4- | Bid Opening | | 21-02-2025 01:00 pm | |

''कार्य-विवरण''

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

# कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद-रायबरेली

पत्रांक: 301/अधि0अधि0न0प0स0/ई-टेण्डर/2024-25 | दिनांक-28.01.2025

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में **पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान संख्या-83)** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कॉन्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक-30.01.2025 से 20.02.2025 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक-21.02.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे निविदाएं खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। **नोट-** शासन द्वारा प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि से भुगतान किया जायेगा शेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त होने पर किया जायेगा।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | 29-01-2025 | - |
| 2- | | Tender Download | 30-01-2025 10:00 am | 20-02-2025 05:00 pm |
| 3- | | Bid Submission | 30-01-2025 10:00 am | 20-02-2025 05:00 pm |
| 4- | Bid Opening | | 21-02-2025 02:00 pm | |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली



**तेलंगाना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बच्चों के...**

तेलंगाना हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सुबह 11 बजे से पहले और रात 11 बजे के बाद सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स जाकर फिल्म देखने पर रोक लगाने का फैसला करे। इसके साथ ही कोर्ट ने सरकार की... पढ़ें पेज 12 पर...


सीएम योगी अब आप तो सुन लो

# कोरोना काल में अफसरों की बेरुखी के आंसू रोकर दवा कंपनी बनी 'रोगी'


**उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड ने कोरोना काल में कंपनी हीलर्स लैब पर दवाओं की समय पर आपूर्ति न करने के चलते 2.55 करोड़ का जुर्माना लगा दिया**

- यह वह समय था जब चीन से दवाओं के लिए कच्चा माल नहीं मिल रहा था
- देश के तमाम अन्य राज्यों ने दवा निर्माताओं को करार में समय व अन्य छूट दी थीं
- लेकिन यूपी के अफसर नियमों से चिपके रहे, हकीकत को नजर अंदाज कर जुर्माना ठोंकते रहे


जन एक्सप्रेस । लखनऊ


// आवश्यक सूचना //


ODISHA STATE MEDICAL CORPORATION LTD


KERALA MEDICAL SERVICES CORPORATION LTD.

NOTICE


Rajasthan Medical Services Corporation Limited


TAMIL NADU MEDICAL SERVICES CORPORATION LIMITED

उत्तर प्रदेश में कारोबार को बढ़ावा देने के माहौल के दावे भले कितने हों, सरकारी तंत्र कारोबारियों का दर्द सुनने को राजी नहीं है। दवा कंपनी हीलर्स लैब के संचालक कोरोना काल से अब तक खून के आंसू रो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अफसर चैन की नींद सो रहे हैं। दवा निर्माता कंपनी हीलर्स लैब 2020 के कोरोना काल में सरकारी बेरुखी का दंश अभी तक झेल रही है। अफसरशाही ने 2020 के कोरोना काल में कंपनी पर दवाओं की समय पर आपूर्ति न करने के चलते 2.55 करोड़ का जुर्माना लगा दिया। यह वह समय था जब चीन से दवाओं के लिए कच्चा माल नहीं मिल रहा था। ट्रेनों के पहिए समेत पूरा विश्व लगभग ठहर गया था। देश के तमाम अन्य राज्यों ने दवा निर्माताओं को करार में समय व अन्य छूट दी थीं, लेकिन यूपी के अफसर नियमों से चिपके रहे। कंपनी संचालक अफसरों से नियमों में छूट की गुहार लगाते रहे। वे अलग-अलग राज्यों द्वारा दी गई रियायतों का हवाला देते रहे। अफसरों ने उनकी एक न सुनी। हड़कर कंपनी संचालकों ने 2023 में जनसुनवाई पोर्टल पर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इसके बाद भी अफसर मामला इस विभाग, उस विभाग का है....कहकर फुटबाल मैच खेल रहे हैं। कंपनी संचालकों को अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ही न्याय की उम्मीद है।

### 4 महीने में वसूला 2.5 करोड़ जुर्माना

दरअसल, उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड ने करार नियमों के तहत हीलर्स लैब पर फरवरी 2020 से मई 2020 तक दवाओं की आपूर्ति न कर पाने या देर से करने के चलते कुल करीब 2.55 करोड़ का जुर्माना लगा दिया। इसमें देर से दवाओं की आपूर्ति का दंड 1.6 करोड़ और दवाओं की आपूर्ति न करने का दंड लगभग 96 लाख वसूला गया।

### पेरासिटामोल और अजीथरोमाइसिन की आपूर्ति न होने या देर से होने के चलते वसूला जुर्माना

उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड ने हीलर्स लैब से 2.55 करोड़ का जुर्माना पेरासिटामोल 500 एमजी और अजीथरोमाइसिन 500 एमजी की आपूर्ति न होने या देर से होने के चलते वसूला।

### राजस्थान-छत्तीसगढ़-तमिलनाडु-केरला में छूट, यूपी में क्यों मची लूट

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कोरोना काल (10 जनवरी 2020 से 8 मई 2020) में दवा कंपनियों को करार में दवा आपूर्ति के लिए 90 दिन की छूट दी। इसी तरह छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भी दवा आपूर्ति के लिए बिना किसी जुर्माने के 45 दिन अतिरिक्त दिए। तमिलनाडु मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भी कोरोना काल में नियमों को शिथिल कर 150 दिनों में पूरी आपूर्ति करने की छूट दी थी। इसी तर्ज पर केरला मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड व अन्य राज्यों ने भी दवा कंपनियों को रियायत दी।

### कॉर्पोरेट घराने, निजी कंपनी पसीजीं, उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड लकीर की फकीर बनी रही

खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल को प्राकृतिक आपदा कहा था। उन्होंने विभिन्न राज्य सरकारों के साथ ही कॉर्पोरेट घरानों व कारोबारियों से मानवीयता के तहत लोगों की मदद करने की अपील की थी। उस दौरान राज्य सरकारों और निजी कंपनियों ने नियमों से परे जाकर लोगों का सहयोग भी किया था। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड लकीर की फकीर बनी रही।



# ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में कटौली ने मनकौटी को हराया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मलिहाबाद।** ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में कटौली गांव एक बार फिर दब दबा देखने को मिला। विकासखंड काकोरी के ग्राम दोना गांव मे आयोजित ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मलिहाबाद विकासखंड की कटौली टीम ने मनकौटी गांव को 41 रनों से हरा दिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए शानू के अर्धशतक के बदौलत 121 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में मनकौटी की टीम 81 रनों पर ऑल आउट हो गई। कटौली गांव की तरफ से 15 बनाने वाले मुबीन ने चार विकेट शादाब ने तीन, नदीम ने दो विकेट लिए। कटौली गांव के हरफनमौला खिलाड़ी मतीन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ,मुबीन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में कटौली गांव ने मनकौटी को हराया था।

## ग्रामीण विकास व रोजगार के नये अवसर का हुआ सृजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में महाकुंभ में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी,स्टाल लगाए गए हैं।महाकुंभ में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है।महाकुंभ में आये लोगों को समूहों द्वारा बनायी गयी सामग्री पसन्द आ रही हैं। प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं का हुनर झलक रहा है।प्रदेश में ग्रामीण विकास व रोजगार के नये अवसर सृजित हुए हैं।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा निर्मित उत्पादों प्रदर्शनी एवं बिकी हेतु स्टॅाल आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकुंभ-2025 के सेक्टर 01 में आवंटित पण्डाल में लगाये गये है जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों से आये समूह सदस्यों द्वारा अपने उत्पाद की प्रदर्शिनी लगायी गयी, जिसमें जनपद चित्रकूट से लकड़ी के खिलौने, भदोही से कालीन ,कार्पेट, अमेठी से ज्वैलरी, सुल्तानपुर से मुरब्बा, बिजनौर से हर्बल टी, फिरोजाबाद से कांच के बर्तन, गौतमबुद्ध नगर से खादी के वस्त्र, आइसक्रीम, जूटबैग आदि की प्रदर्शिनी लगायी गयी।

# भाजपा में आते ही हो गये पाक-साफ, धुल गए सारे पाप

- जिसके खिलाफ बैठाई थी जांच, अब वहीं हो गए खासमखास
- जल निगम में करोड़ों के घोटाले में आरोपित नरेंद्र गुप्ता पर कार्रवाई कब?
- भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात करने वाली सरकार में भ्रष्टाचारियों को जगह क्यों?

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित/हेम नारायण द्विवेदी



**राज्य मुख्यालय।** जीरो टॉलरेंस की नीति का दम भरने वाली योगी सरकार में भी भ्रष्टाचार का बोलबोला है। जिनके खिलाफ कल तक भाजपा हमलावर थी। भ्रष्टाचार के आरोप साबित होने के बाद मुकदमा दर्ज कराया था। भाजपा में आते ही अब वही नेताजी और उनके सहयोगी पाक साफ हो गए। चित्रकूट जल निगम में करोड़ों रुपए का गबन करने वालों के खिलाफ प्रदेश की योगी सरकार ने ही जांच के आदेश दिए थे, लेकिन भाजपा का दामन थामने के बाद आरोपित खासमखास हो गए। बीजेपी से दिल मिलते ही उनके सारे पाप धुल गए। इतना ही नहीं अब आरोपित चित्रकूट के कर्वी नगर पालिका के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता के खिलाफ जांच भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। चित्रकूट के कर्वी नगर पालिका के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता का घोटालों से पुराना नाता रहा है। बसपा के शासन काल में साल 2010-11 में शुरू हुई जल निगम योजना पर एक साल के अंदर ही सवाल उठने लगे थे। सरकारी पैसे का गबन करने के साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे। उस दौरान नरेंद्र गुप्ता जल निगम में ठेकेदार थे। बसपा सरकार में मंत्री रहे दद्दू प्रसाद ने यमुना नदी से पानी लिफ्ट कराने वाली योजना को लेकर कई सवाल खड़े किए थे। जिसके बाद नरेंद्र गुप्ता का सपा की ओर झुकाव हो गया। साल 2012 में सपा सत्ता पर काबिज हो गई। भ्रष्टाचार का सिलसिला चलता रहा, मगर सरकार ने जांच नहीं कराई। इससे नरेंद्र गुप्ता और उसके सहयोगियों के हौंसले बुंलद होते गए। अधिकारियों से सांठगांठ कर सरकारी पैसे को चूना लगाया जाता रहा। इस बीच ठेकेदार नरेंद्र गुप्ता ने साल 2017 में समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। चैयरमैन की कुर्सी संभाल ली। करीब डेढ़ साल बाद जल निगम के भ्रष्टाचार का जिन्न फिर से जाग उठा। सितंबर 2019 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्रकूट दौरे के दौरान जल निगम में भ्रष्टाचार के मुद्दे ने तूल पकड़ा।

### साल 2019 में योगी सरकार ने जांच के आदेश दिए

जल निगम में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सतर्कता दिखाते हुए पूरी रिपोर्ट मंगाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। मामले में 17 सितंबर 2019 को लखनऊ से दो एक्सईएन और एक एई को निलंबित कर दिया गया था। सीएम के आदेश पर 3 अक्टूबर 2019 को अपराध अनुसंधान शाखा के अधिकारी सुजीत कुमार व अन्य दो अफसरों ने जांच पड़ताल शुरू की। जिसके बाद परत दर परत खुलती चलीं गईं।

### बिना कारण के योजना को लेट किया

जांच अधिकारियों ने सौंपी रिपोर्ट में बताया कि बेवजह योजना को लटका कर सरकारी बजट बढ़ाया गया। इसमें जलनिगम यांत्रिक व जल निगम यूनीसेफ के दोनों एक्सईएन समेत में. जिंदल वाटर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड दिल्ली के ठेकेदार नरेंद्र कुमार गुप्ता की लापरवाही और सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला उजागर हुआ था। इसी आधार पर जांच आगे बढ़ी और करोड़ों रुपए का खेल सामने आया। योजना को पलीता लगाने में चित्रकूट से लेकर झांसी और लखनऊ जल निगम के कई बड़े अधिकारियों के भी नाम सामने आए थे। करीब एक साल तक जांच चलने के बाद तत्कालीन ठेकेदार नरेंद्र गुप्ता समेत 22 लोगों के खिलाफ 21 करोड़ रुपए का घोटाले किए जाने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इनमें कई आरोपितों को जेल की हवा भी खानी पड़ी।

### एफआईआर होने के बाद बदला पाला

कर्वी (चित्रकूट) नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुप्ता राजनीतिक दलों का खास रहा है और जरूरत पड़ने पर अपने फायदे के लिए पाला भी बदला रहा है। कांशीराम के समय नरेंद्र गुप्ता पर बसपा का हाथ रहा और उसी दौरान ठेकेदारी के पेशे में आया। सरकारी योजनाओं में ठेकेदारी करते हुए भ्रष्टाचार करता गया। जब संपत्ति बढ़ने लगी तो नरेंद्र गुप्ता का बसपा से मोह भंग हो गया और ठेकेदारी के साथ-साथ सक्रिय राजनीति में हाथ आजमाने के लिए साल 2017 में सपा के टिकट पर चेयरमैन का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसी बीच जल निगम की जांच में एफआईआर दर्ज होने के बाद योगी की शरण में आ गया और बीजेपी का दामन थाम लिया। जल निगम में भ्रष्टाचार के आरोपी को भाजपा ने दो साल पहले चित्रकूट नगर पालिका कर्वी से चुनावी मैदान में उतारा। नरेंद्र गुप्ता ने जीत दर्ज की और अब उन पर लगे सारे भ्रष्टाचार के आरोपों पर पर्दा डाल दिया गया है।

### गरीबों के कंठ सुखाकर जमा की अकूत संपत्ति


ग्रामीणों की प्यास बुझाने वाली पेयजल योजना में चेयरमैन नरेद्र गुप्ता ने ठेकेदारी करते हुए भ्रष्टाचार के बल पर अकूत संपत्ति अर्जित की। इसी सरकारी धन का इस्तेमाल बिंदीराम होटल के निर्माण में किया। साथ ही कई प्लाट भी गबन की गई संपत्ति से खरीदे गए। बताया जाता है कि आरोपित के होटल में देह व्यापार जैसा घिनौने कार्यों की आशंका भी स्थानीय लोगों ने व्यक्त की थी, लेकिन सत्ता की हनक के चलते वह अपने आप को बचाता रहा और होटल में चल रहे देह व्यापार पर भी पर्दा डालने की कोशिश की।

### योगी के खास लोगों में बनाई जगह

साल 2019 में भ्रष्टाचार मामले में फंसने के बाद नरेंद्र गुप्ता ने साइकिल की सवारी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। चेयरमैन रहते हुए वह भाजपा में आ गए और धीरे-धीरे योगी के खास लोगों में जगह बना ली। अब चेयरमैन साहब का भाजपा के दिग्गज लोगों के साथ उठना बैठना है। भाजपा में आते ही उनके खिलाफ दर्ज केस में भी जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात कहकर प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई योगी सरकार को अब नरेँद्र गुप्ता पाक साफ नजर आ रहे हैँ। क्या भाजपा में आते ही उनके सारे पाप धुल गए। जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले सीएम योगी नरेंद्र गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे।

# यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा: पीएसी की वाहिनियों में होगी दौड़ की परीक्षा, 7 फरवरी तक पूरा होना है सत्यापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सिपाही भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण के तहत दौड़ की परीक्षा पीएसी की वाहिनियों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक परीक्षा और दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य आगामी 7 फरवरी को पूरा होने के बाद 10 फरवरी से शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) का आयोजन होगा। तत्पश्चात भर्ती बोर्ड मेरिट के आधार पर अंतिम परिणाम जारी करेगा। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने संबंधित पीएसी वाहिनियों को दौड़ परीक्षा का आयोजन करने के लिए सभी इंतजाम दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। बता दें कि दौड़ परीक्षा 45वीं वाहिनी अलीगढ़, 12वीं वाहिनी फतेहपुर, आठवीं वाहिनी बरेली, नौवीं वाहिनी मुरादाबाद, 26वीं वाहिनी गोरखपुर, 37वीं वाहिनी कानपुर, 33वीं वाहिनी झांसी, 35वीं वाहिनी लखनऊ, छठवीं वाहिनी मेरठ, 47वीं वाहिनी गाजियाबाद, 20वीं वाहिनी आजमगढ़ और 39वीं वाहिनी मिर्जापुर में कराया जाना प्रस्तावित है। बोर्ड ने इन वाहिनियों के सेनानायकों को निर्देश दिया है कि वह दौड़ के लिए ट्रैक, संसाधन, जनशक्ति, सुरक्षा, फर्नीचर, एम्बुलेंस, परीक्षा दल और संबंधित स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आईपीएस आदित्य मिश्रा की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी के बाद 31 जनवरी को उन्हें डीजी फायर सर्विस अविनाश चंद्र के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रोन्नत कर दिया जाएगा। उन्हें एडीजी से डीजी के पद पर पदोन्नत करने के साथ अहम जिम्मेदारी भी सौंपी जा सकती है। बता दें कि आदित्य मिश्रा 30 जून को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। दरअसल, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से आदित्य मिश्रा को बीती 31 दिसंबर को कार्यमुक्त किया गया था। उनका दो माह का अवकाश भी स्वीकृत किया गया था, जिसके बाद उनके मार्च में वापस यूपी काडर में ज्वाइन करना था। हालांकि उन्होंने जनवरी में ही ज्वाइनिंग दे दी, जिससे उनका डीजी बनने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं दूसरी ओर मई माह में डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री, डीजी टेलीकॉम संजय एम. तरडे सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसी तरह जुलाई माह में डीजी होमगार्ड बीके मौर्या, नवंबर में दलजीत सिंह चौधरी, तिलोत्तमा वर्मा और अभय कुमार प्रसाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर एडीजी आशुतोष पांडेय, आनंद स्वरूप, नीरा रावत, एसबी शिरडकर, डॉ. केएसपी कुमार, राजीव सभरवाल और बीके सिंह डीजी क पद पर प्रोन्नत हो जाएंगे। वहीं 1992 बैच के आईपीएस अजय आनंद की सेवानिवृत्त अप्रैल माह में होने की वजह से वह डीजी नहीं बन सकेंगे।

# राजभवन प्रांगण में लगेगी 07 से 09 फरवरी को फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आगामी 07, 08 एवं 09 फरवरी को तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में इस बार गुणवत्तायुक्त आलू उत्पादन, निर्यात एवं प्रसंस्करण कार्यों में गतिशीलता एवं गुणात्मक सुधार लाये जाने के उद्देश्य से पोटैटो बायर सेलर मीट का आयोजन भी 08 फरवरी को राजभवन के गांधी सभागार में किया जायेगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों, बागवानों एवं आमजन को आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर उन्नति विधियों से तैयार देशी विदेशी पौधों की किस्मों की जानकारी उपलब्ध कराना है। स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के निदेशक डा विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के प्रगतिशील फल, शाकभाजी, फूल, मशरूम, पान व शहद उत्पादकों, निर्यातकों, स्टेक होल्डर्स, खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं, आमजनों को सूचित किया जा रहा है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी राजभवन प्रांगण में प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे अपने द्वारा उत्पादित फल, शाकभाजी, फूल, मशरूम व शहद, पान आदि के उत्कृष्ट एवं आकर्षक उत्पादों को प्रदर्शनी के प्रतियोगी कार्यक्रम में सम्मिलित कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी स्थल पर लगाये जाने वाली समस्त प्रविष्टियों को 06 फरवरी को प्रातः 11 बजे तक निर्धारित स्थल पर लगाया जाना होगा, जिसकी जाँच निर्णायक टोली द्वारा अपरान्ह 12 बजे से की जायेगी। वहीं लखनऊ शहर में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यानों, गृहवाटिकाओं, राजकीय कार्यालय संस्थानों, शिक्षा संस्थाओं, प्राचीन ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों, पार्का आदि का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। पंजीकृत प्रतिभागियों के समस्त उद्यानों एवं गृहवाटिकाओं आदि की जॉच निर्णायक टोली द्वारा 01 व 02 फरवरी को की जायेगी।

# राकेश सचान ने किया रेशम निदेशालय में सिल्क टेस्टिंग लैब का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ स्थित रेशम निदेशालय में विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक की शुरुआत प्रदेश की पहली सिल्क टेस्टिंग लैब और प्रादेशिक को-ऑपरेटिव सेरीकल्चर फेडरेशन लि के कक्ष के उद्घाटन से हुई। मंत्री ने योजनाओं के क्रियान्वयन और उद्योग के विस्तार पर विशेष जोर दिया। बैठक में मंत्री ने वर्ष 2024-25 में आवंटित बजट का समयबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री रेशम परियोजना में अधिक से अधिक बजट प्रावधान कराने के लिए वित्त विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा। लखनऊ में एक रेशम प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जाएगा, जो प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। 2025-26 के बजट में प्रावधान किया जाएगा।मंत्री ने रेशम उद्योग में नवाचार को बढ़ावा देने और योजनाओं के लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। रेशम उद्योग न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह आर्थिक विकास का भी महत्वपूर्ण स्तंभ है।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने बताया कि लखनऊ में स्थापित सिल्क टेस्टिंग लैब प्रदेश की पहली ऐसी लैब है।

# पशुधन मंत्री ने 20 नवीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु प्रदेश के 11 जनपदों के 20 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। इसके तहत जनपद हरदोई में 05, आगरा में 03, बांदा, फर्रूखाबाद, कासगंज, हाथरस, सीतापुर एवं मुरादाबाद में एक-एक तथा सहारनपुर, शाहजहांपुर एवं सुल्तानपुर में 02-02 वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत शामिल है। 20 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण लागत रुपए 3202.04 लाख है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है।इस अवसर पर आगरा से भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी एसपी सिंह बघेल ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गो संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। धर्मपाल सिंह ने जनपदों के विधायकों, ग्रामप्रधानों, जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।प्रदेश में 7753 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की जा चुकी है, जिसमें 12,43,107 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 543 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके सापेक्ष 372 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। विगत 6 माह में 73 वृहद हो संरक्षण केंद्रों का निर्माण कर लोकार्पण कराया गया है। श्री सिंह ने कहा कि सड़कों तथा राजमार्गों के समीपस्थ ग्रामों में पशुपालकों के गोवंशों के रात्रि के समय सड़क पर आ जाने की स्थिति में मार्ग दुर्घटना की आशंका बना रहती है।सरकार द्वारा इन पशुपालकों के पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाये जाने हेतु जिलाधिकारियों को निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। जनपदों में गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष की धनराशि से रेडियम पट्टी लगाये जाने का कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन निरंतर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है और इस दिशा में विभाग द्वारा निरंतर सार्थक कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास के रविन्द्र नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और पशुधन विकास मंत्री के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा निराश्रित गोवंश का गो आश्रय स्थलों में निरंतर संरक्षण किया जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग, के समन्वय से अवशेष निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड

**कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है।**

*मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगलकाल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिशकाल के दौरान विकसित भू-माप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है। गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है। भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आसपास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के न रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है। कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से पांच सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र दो लाख रुपये प्रति किलोमीटर की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगर पालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्चस्तरीय सटीकता में पांच प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है। शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं – फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राज़ील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्ध, विस्फोट, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता है- यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले।

# सात्विक राजनीति के उन्नायक बन कर उभरे योगी आदित्यनाथ



आचार्य संजय तिवारी

**यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है।**

सनातन संत के संयोजन में प्रयागराज कुंभ का अद्भुत स्वरूप उभर रहा है। वैश्विक पटल पर सनातन की गूंज है। विश्व आश्चर्यचकित है। कई देशों की उतनी आबादी नहीं है जितने श्रद्धालु प्रतिदिन पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में कुंभ का आरंभ किया उसके बाद की व्यवस्था सम्भाल रहे योगी आदित्यनाथ वास्तव में सात्विक शासक बन कर उभरे हैं। इसे सात्विक राजनीति का उन्नयन काल भी कहा जा सकता है। एक तरफ विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में घिरे हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्तपिपासु हो गया है। कई वर्षों से आसमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्धक विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उदघोष कर रही है। सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है। यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, संप्रदायों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि समस्त विद्वत और संत समाज एक स्वर से अपने शासक की तारीफ कर रहा हो। भारत की प्राण मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व



**वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महावैज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।**

नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है। ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालातों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक , इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरुआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। गाजा पट्टी, लेबनान और लेबनान का खूनखराबा सामने है। हमास, हिजबुल्ला, हूथी का खौफनाक चेहरा दुनिया देख रही है। इजराइल सबसे मुकाबला कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजराइल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं - फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राज़ील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्ध, विस्फोट, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता है- यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले। यह संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सब कुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है।

### एक्सप्रेस कविता

*जो जैसा बोयेगा वैसा ही तो काटेगा, हिंसा नफरत ईर्ष्या यदि विश्व में फैलाओगे शांति अमन चैन कहां से पाओगे। रूस यूक्रेन युद्ध विस्तार वाद की परिणित लाखों लोगों ने देदी इस हिंसा में आहुति। बेघर हुई मानव जाति बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और मासूम यूक्रेन रूस युद्ध में कितने कितने हुए गुमसुम मुरझा गए*

*आकाश कुसुम, अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो गए रूस-यूक्रेन ने युद्ध की आग में घी डालकर हवन कर गए। पाकिस्तान आतंक को पालकर हिंसा को अपनी ढाल बनाकर अपने ही घर को जलाकर अब आंसू बहा रहा है, विदेशों से सहायता मांग कर अपना घर चला रहा है। अब भी संभल जाओ दुनिया वालों, आने वाली नस्ल के लिए एक नन्हा पौधा लगाओ पृथ्वी पर अमन चैन और बहाली का और पाओ फल वैश्विक खुशहाली का।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***हमने स्कूल में जो सीखा है वह सब भूलने के बाद जो याद रहता है, वही शिक्षा है ज्ञान का निवेश भुगतान करता है***

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 18:02 तक |
| नक्षत्र: | उत्तराषाढ़ा 08:12 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | सिद्धि, 21:13 |
| सूर्योदय: | 07:10 |
| सूर्यास्त: | 17:51 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 12:30-13:51 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

**रहे उसी पर ध्यान !**

*जो मिला है काम ।*
*रहे उसी पर ध्यान ।।*
*इधर उधर भटकाने से ।*
*है गिरता सम्मान ।।*
*बन रहा समूह लगाता ।*
*भ्रम का मायाजाल ।।*
*चेते ना अभी अगर ।*
*होगा बुरा हाल ।।*
*देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।*
*कैसा पड़ा अकाल ।।*
*हर तरफ से आप पर ।*
*उठते हैं सवाल ।।*
*साथ साथ इस जोश के ।*
*होश को ठुकराया ।।*
*गुणा भाग ना कर जाए ।*
*पूरा ही सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आयुर्वेद के अनुसार खेजड़ी की फली (सांगरी) सेहत के लिए वरदान

**राजस्थान** के रेगिस्तान में पाई जाने वाली खेजड़ी के पेड़ की सांगरी फलियां कुदरत का एक ऐसा अनमोल उपहार हैं, जो सेहत के लिए बेहद लाभकारी साबित होती हैं। सांगरी का उपयोग राजस्थान के पारंपरिक व्यंजनों में किया जाता है, लेकिन इसकी असली पहचान इसके औषधीय गुणों से होती है। राजस्थान की कठिन जलवायु में खेजड़ी का पेड़ और इसकी सांगरी फलियां पोषण का एक मुख्य सोर्स हैं। सूखी सांगरी, जिसे आमतौर पर बाजार में महंगे दामों पर बेचा जाता है, अपनी औषधीय गुणों के कारण खास मानी जाती है। सांगरी में फाइबर, प्रोटीन, आयरन, और कई जरूरी विटामिन होते हैं, जो शरीर को पोषण देने के साथ-साथ कई बीमारियों से भी बचाव करते हैं।

**सांगरी के फायदे:** डॉक्टर श्रेय शर्मा बताते हैं कि आयुर्वेद के अनुसार, सांगरी त्रिदोष (वात, पित्त और कफ) को संतुलित करने में मदद करती है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाती है, शरीर को डिटॉक्स करती है और इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक होती है। इसके अलावा, यह डायबिटीज, हड्डियों की कमजोरी और त्वचा संबंधी समस्याओं में भी लाभकारी होती है।

**पाचन तंत्र को मजबूत करे:** सांगरी में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो



पाचन तंत्र को हेल्दी रखने में मदद करता है। दरअसल, फाइबर पाचन के लिए बेहद जरूरी है, यह कब्ज की समस्या को दूर करने और आंतों की सफाई करने में सहायक होता है। आयुर्वेद में सांगरी को अग्नि बढ़ाने वाली औषधि माना गया है, जो पाचन क्रिया को दुरुस्त करती है। नियमित रूप से सांगरी का सेवन गैस, अपच और पेट की अन्य समस्याओं को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है।

**हड्डियों को मजबूत बनाए:** सांगरी में कैल्शियम और फॉस्फोरस जैसे जरूरी खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, सांगरी के सेवन से हड्डियों की कमजोरी, गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत मिल सकती है। इसके नियमित सेवन से हड्डियों की समस्याओं से बचाव किया जा सकता है।

**शरीर को डिटॉक्स करे:** सांगरी में मौजूद गुण शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, यह खून को शुद्ध करती है और त्वचा को साफ और चमकदार बनाती है। सांगरी का सेवन शरीर के भीतर की सफाई करने में मदद करता है, जिससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है।

**इम्यूनिटी बढ़ाए:** सांगरी में विटामिन्स के साथ आयरन और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। आयुर्वेद में इसे संक्रमण और बीमारियों से बचाव के लिए एक प्रभावी औषधि माना गया है। सांगरी का सेवन सर्दी-खांसी और वायरल संक्रमण से लड़ने में भी मदद कर सकता है।

**शुगर लेवल को कंट्रोल करे:** आयुर्वेद के अनुसार, सांगरी डायबिटीज के मरीजों के लिए एक उपयोगी आहार है। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करती है, जिससे डायबिटीज के मरीजों को फायदा होता है।

**निष्कर्ष:** सांगरी, खेजड़ी की यह औषधीय फली, न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसके आयुर्वेदिक फायदे भी हैं। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने, इम्यूनिटी बढ़ाने और त्वचा को निखारने से लेकर कई रोगों के इलाज में उपयोगी है। अगर आप अपनी दिनचर्या में सांगरी को शामिल करते हैं, तो यह न केवल आपके शरीर को पोषण देगी, बल्कि आपको हेल्दी बनाए रखेगी।

### एक्सप्रेस विशेष

# दिल्ली के हर मतदाता के हाथ में लड्डू!



ऋतुपर्ण दवे

**200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती।**

**पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं। काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती। लेकिन फिलहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता।**

**दिल्ली** में विधानसभा चुनाव बेहद अलग और दिलचस्प है। मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा अब तो सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी कर रहे हैं। ऐसे में यह चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रह्म प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी। फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रैल में पांच दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामयाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आआपा और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल तीन सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आआपा को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं। बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती।

# आखिर क्यों भ्रष्टाचार के विरुद्ध समाज सेवी को बैठना पड़ेगा भूख हड़ताल पर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



- ठेका कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार खबरें प्रकाशित लेकिन जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान ना लेना एक बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा करता है।
- तेज तर्रार तेज तर्रार बाद में होता है सब बेकार नवागत अधिकारी जब अपना कार्यभार ग्रहण करता है तो खबर प्रकाशित होती है कि उक्त अधिकारी काफी तेज तर्रार है लेकिन कुछ समय बाद मामला टाय टाय फीस

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में समाजसेवी दीपक पंडित ने बताया की बिजुआ ब्लॉक में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर रामदीप वर्मा जो कि पिछले दस वर्षों से अधिक समय से ब्लॉक में तैनात हैं और इन्होंने ब्लॉक की सर्वाधिक पंचायतों में ठेकेदारी करके इंटरलॉकिंग लगाई है जो कि इनको कतई अधिकार नहीं है इंटरलॉकिंग भी गुणवत्ता विहीन लगाई गई है मनरेगा में पंचायतों की 60/40 रेसियो के मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं जिसमें कई जेई और ग्राम विकास अधिकारी शामिल है। मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर पचासों हजार रुपये रोजाना सरकार को चूना लगाया जा रहा है मनरेगा में फर्जी हाजिरी यहां तैनात एपीओ अमर प्रसाद की देखरेख में हो रही है जनसुनवाई पर भी कई बार शिकायत की गई लेकिन चूंकि कमीशन में सभी लोग हिस्सेदार हैं तो फर्जी तरीके से आख्याओं को लगाया गया सरकार के इस भ्रष्ट तंत्र और मकड़जाल से परेशान होकर इस भ्रष्टाचार और इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध यदि 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं होती है तो 1 फरवरी 2025 से समाज सेवी ब्लॉक बिजुआ प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठेगा इस दौरान यदि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होगी तो समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

अब सवाल यह उठता है क्या समाजसेवी को भूख हड़ताल पर बैठना पड़ेगा क्या जिलाधिकारी इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लेंगे भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करेंगे उसको भ्रष्टाचार की खुली छूट दे दी जाएगी आदि सवाल भविष्य के गर्भ में है।

## समाजवादीपार्टी के द्वारा पी0 डी0 ए0 जन पंचायत सेक्टर स्तरीय आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। समाजवादी पार्टी 139 गोला विधानसभा क्षेत्र के तत्वाधान में सेक्टर स्तरीय पी.डी.ए.जनपंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य उसके तहत गोला विधानसभा के नगर सेक्टर–गोला जोन–गोला में अपने सभी सम्मानित सेक्टर वासियों के साथ पी.डी.ए. जनपंचायत में चर्चा कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर एवं आने वाले 2027 में पी0डी0ए0 की भागीदारी वाली सरकार बनने की अपील की इस मौके पर पूर्व विधायक विनय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जिला सचिव सतराम वर्मा लल्लन, राष्ट्रीय सचिव आलोक वाल्मीकि प्रदेश सचिव समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रवीण कश्यप प्रदेश सचिव एहसान खान, पूर्व महासचिव मिराजखान, निर्मलसिंह, रोहित गुप्ता, विशाल कुमार, जसकरनलाल गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में स्थानीय लालपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश कुमार पाण्डेय जिला होमगार्ड कमांडेंट व मोहम्मद इरफान उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर महिला/पुरुष क्रास कंट्री रेस से किया गया। क्रास कंट्री रेस में 69 पुरुष व 38 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में हाशिम अंसारी प्रथम, अंकित द्वतीय, सौरभ तृतीय स्थान पर रहे जबकि अभिषेक, कुलदीप, अंकुल कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिले, महिला वर्ग में सारंगा प्रथम, अनन्या द्वतीय, प्रीति तृतीय स्थान पर रही साथ ही प्रीति राना, करीना, मधु को सांत्वना पुरस्कार मिले। इसके साथ ही मैत्रिक मैचों की श्रंखला के अंतर्गत फुटबॉल, हॉकी व हैंडबॉल के मैच कराए गए। बालिका वर्ग की हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथि सामाजिक कार्यकर्ती संगीता त्रिपाठी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता स्टेडियम व उप विजेता जयपुरिया स्कूल की टीम रही, हैंडबॉल प्रतियोगिता में विजेता पंडित दीनदयाल व उपविजेता स्टेडियम टीम रही,हॉकी मैच में विजेता खेलो इंडिया ए व उपविजेता खेलो इंडिया बी की टीम रही। विजेता एवम उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को दिनेश कुमार पाण्डेय जिला कमांडेंट होमगार्ड, मोहम्मद इरफान उप क्रीड़ा अधिकारी, संगीता त्रिपाठी सामाजिक कार्यकर्ती व विशाल पाण्डेय पत्रकार द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन कराने में ओम प्रकाश, संजय कुमार यादव, मिथलेश कुमार, इरफान मलिक व विजय सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजा झंडी के प्रयास से अब मिलेगी बाढ़ से राहत, घाघी नाले पर पहुंची टीम ने बनाया ये प्लान



### समय–समय पर क्षेत्रीय समस्याओं का लेते है संज्ञान

अभी हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनी झंडी रोड ऊंची हो गई थी मगर पश्चिम से आने वाली बाढ़ के पानी की निकासी की व्यवस्था संबंधित अधिकारियों द्वारा नही की गई थी। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोग राज राजेश्वर सिंह से मिले तो इन्होंने लखनऊ मंडल के कमिश्नर से इस संबंध में वार्ता की और इस समस्या के बारे में अवगत कराया। जिसके बाद झंडी रोड पर जगह–जगह पाइप डालकर पुलिया का निर्माण हुआ।

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा बाढ़ से ग्रसित है और हर साल आने वाली बाढ़ किसानों की फसलों को नष्ट कर देती है। निघासन क्षेत्र में बाढ़ की तबाही मचाने वाला घाघी नाला का के प्रवाह को यदि सही दिशा देते हुए यदि बांध बनाया जाए तो शायद क्षेत्र में बाढ़ जैसी तबाही न आए। इस विषम समस्या को देखते हुए क्षेत्र के सैकड़ों किसान झंडी स्टेट के राजा व भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह से मिले और अपनी समस्या से उन्हे अवगत कराया। जिसके बाद राजा राज राजेश्वर ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस समस्या के बारे लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया। जिसके बाद सीएम के निर्देश पर गिरजा बैराज के अधिशासी अभियंता सोभित कुमार अपनी टीम के साथ झंडी राज महल पहुंचे और राजा राज राजेश्वर सिंह से मुलाकात की व उनके साथ घाघी नाले पर पहुंचे और संयुक्त निरीक्षण कर घाघी का पटा हुआ मार्ग चिन्हित कराया। जिससे संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र खुदाई व जहां चौड़ाई कम है वहां चौड़ाई बढ़ाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान राज राजेश्वर सिंह ने संबंधित टीम के साथ घाघी नाले का कई जगह पर जाकर निरीक्षण किया ताकि नाले को सही दिशा दी जा सके। वहीं भाजपा नेता राज राजेश्वर ने यह भी बताया की घाघी नाले से जुड़ा हुआ तामोलीनपुरवा बंधा जो विगत वर्षों में आई बाढ़ से कट गया था, जिसका विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा चुका है और इस बंधे को जल्द ही मनरेगा श्रमिकों के द्वारा फिर से बनाया जायेगा।

# महेंद्र अग्रवाल बने सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष



जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** सोमवार सायं चार बजे डा हेडगेवार भवन पर सेवा कार्यकर्ताओ की बैठक वरिष्ठ चिकित्सक एव संघ के विभाग संघ चालक माननीय डॉ हरपाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी, बैठक में सीतापुर विभाग के सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए, संघ की दृष्टि से सीतापुर विभाग में सीतापुर, बिसवां, लखीमपुर एवं गोला जिले आते हैं। वर्तमान कार्यो की चर्चा के साथ ही विभाग के जिलो में शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र मे सेवा बस्तियों का चयन कर उनमे सेवा कार्यो के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुयी सीतापुर विभाग में सेवा कार्यो के विस्तार के लिए सेवा भारती सीतापुर ट्रष्ट का पंजीयन मुख्य ट्रस्टी मछरेहटा निवासी श्री राजकुमार गुप्ता जी द्वारा करवाया गया सीतापुर विभाग के समस्त सेवा कार्यो को इसी ट्रष्ट द्वारा संचालित किया जायेगा साथ ही सीतापुर विभाग की कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया, जिनके नामो की घोषणा माननीय विभाग संघ चालक श्री डा.हरिपाल सिंह जी द्वारा की गयी। लखीमपुर के डॉ ड़ी के वर्मा संरक्षक, सीतापुर निवासी महेंद्र अग्रवाल को अध्यक्ष, तम्बौर निवासी विजय वर्मा को उपाध्यक्ष, लखीमपुर निवासी अजय अग्रवाल को उपाध्यक्ष, लखीमपुर निवासी श्रीमती नमिता श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, मछरेहटा निवासी ज्ञानेंद्र सिंह को महामंत्री, लखीमपुर निवासी शैलेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, शिखर सिंह को प्रचार प्रमुख एव श्रीमती मीता गर्ग को मातृमंडल प्रमुख व कुमारी सोनाली बाल्मीकि को किशोरी विकास प्रमुख चुना गया। इस अवसर पर संघ विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार, जिला प्रचारक आकाश जी आदि की उपस्थिति रही।

सेवा भारती वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित, एव पीड़ित समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाबलंबन व सामाजिक आयामों पर निस्वार्थ सेवा - निरंतर सेवा व जीवन निर्माण हेतु सेवा के सिद्धांत पर लगातार कार्य कर रहा है।

## क्षेत्रीय किसान भाइयों से चीनी मिल को साफ सुथरा गुणवत्ता युक्त गन्ना सप्लाई कर सहयोग देने की अपील की



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया, गोला गोकर्णनाथ, खंभारखेडा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर चीनी मिलो के यूनिट हेडो ने ध्वजारोहण किया। चीनी मिल के यूनिट हेड ने ध्वजारोहण के बाद स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया तथा क्षेत्रीय किसान भाइयों से चीनी मिल को साफ सुथरा गुणवत्ता युक्त गन्ना सप्लाई कर सहयोग देने की अपील की। उन्होंने चीनी मिल मे कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यो का पालन कर भी राष्ट्र हित मे सहयोग कर सकते हैं। अपने–अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करके अपना व चीनी उद्योग का नाम रोशन करें। इस अवसर पर बजाज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।इस मौके पर युनिट हेड गोला जितेन्द्र सिंह जादौन, पलिया युनिट हेड ओ पी चौहान, खंभारखेडा युनिट हेड अवधेश कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया।

# पंजाब केसरी की 160वीं जयंती पर सेनानी भवन के सभागार में दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । बहराइच

स्थानीय सेनानी भवन सभागार में मंगलवार को पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी की 160 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित देशभक्तों ने लाला लाजपत राय के ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ तात्कालिक संघर्ष को याद कर उनकी बहादुरी की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि लाला लाजपतराय ने साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और साइमन गो बैक का नारा बुलन्द किया।30 अक्टूबर 1928 को लाहौर में एक विरोध प्रदर्शन में लाठी चार्ज के दौरान पुलिस की लाठियों से घायल होने के बाद लाला जी गंभीर रूप से तीव्र मुर्छित हो गये,17 नवंबर 1928 को वे गोलोकवासी हो गये। पुलिस की लाठी चार्ज के दौरान उन्होंने कहा था÷मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत के एक एक कील साबित होगी हुआ भी वही और लाला जी के बलिदान से 20 साल के भीतर ही ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हो गया। संगठन के संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि पंजाब केसरी लाला लाजपतराय एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कंपनी की स्थापना भी की थी।वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन महान स्वतंत्रता सेनानियों, लाल -बाल - पाल में से एक थे। लाला लाजपतराय ने जान साइमन को वापस जाओ का नारा दिया था, इस नारे का उद्देश्य साइमन कमीशन का पूर्ण विरोध करना तथा भारत में लागू दमनकारी नीतियों को समाप्त करना था। उन्होंने उदार हिन्दू मान्यताओं को अपनाया। समाज सेवी पवन सिंह ने कहा कि लाला जी स्वामी दयानन्द सरस्वती के अनुयाई थे और कट्टर आर्यसमाजी थे। अंग्रेजों के खिलाफ उनके उग्र विरोध और स्वतंत्रता प्राप्ति में उनके योगदान के कारण पंजाब केसरी के रूप में जाना जाता था।उनकी मौत से भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु में काफी रोष देखा गया था फलस्वरूप उन लोगों ने लाला जी पर लाठीचार्ज करने वाले अंग्रेज अफसर सांडर्स को 17 दिसम्बर 1928 को मार गिराया।

अन्त में उपस्थित सेनानी उत्तराधिकारियों ने कहा कि लाला लाजपतराय के बलिदान ने देश में हजारों युवाओं को स्वतंत्रता आन्दोलन से जोड़ा और देश क्रांतिकारी आन्दोलन की तरफ बढ़ा। कार्यक्रम में आदित्य भान सिंह, बाबूलाल वर्मा, राकेश मिश्रा, अभिमन्यु सिंह, सूफियान अली, मोती बाबू सहित तमाम राष्ट्रभक्त मौजूद रहे।

# 56 व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई रू. 17.714 लाख की सहायता राशि

- आपदा प्रभावित लोगों को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का सिलसिला जारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 56 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 17 लाख 71 हज़ार 400 सम्बन्धित के बैंक खातों में हस्तान्तरित की गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 02 व्यक्त्यिों के बैंक खातों में रू.13,000=00, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 10 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 58,000=00, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 07 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 42,000=00, तहसील महसी अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 80,000=00 तथा तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत अग्निकाण्ड से प्रभावित 01 व्यक्ति के बैंक खाते में रू. 4,000=00 इस प्रकार कुल 36 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 01 लाख 97 हज़ार की धनराशि 23 जनवरी 2025 को हस्तान्तरित की गई है।

यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में अन्य आपदा अन्तर्गत पांच व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 5,29,400=00, तहसील महसी अन्तर्गत 06 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 5,12,500=00, तहसील पयागपुर अन्तर्गत 02 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 8,000=00, तहसील नानपारा अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 12,000=00 तथा तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 5,12,500=00 कुल 20 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 15 लाख 74 हज़ार 400 की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में 24 जनवरी 2025 को हस्तान्तरित की गई है। इस प्रकार कुल 56 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 17 लाख 71 हज़ार 400 की धनराशि अन्तरित की गई है।

## 19 वर्षीय युवती का नहर में उतराता मिला शव, एक सप्ताह से थी लापता

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर जिले की कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र में शारदा नहर में मंगलवार को 19 वर्षीय युवती का नहर में उतराता शव मिला। युवती एक सप्ताह पहले घर से लापता हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पैनल गठित कर वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र के सैदनपुर गांव से निकली नहर में मंगलवार की सुबह तैरता हुआ मिला। युवती का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव की शिनाख्त पूजा(19) उर्फ मोहिनी पुत्री जगदीश निवासी मॉलसराए थाना महमूदाबाद के रूप में हुई। युवती पूजा एक सप्ताह पहले घर से गायब हो गई थी। युवती के पिता जगदीश ने इसके लिए कोतवाली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# समाजवादी लोहिया वाहिनी ने ग्राम पंचायत अढमलपुर में आयोजित की पीडीए चर्चाओं की चौपाल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भाजपा की संविधान विरोधी सोच के खिलाफ एवं पीडीए के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए ग्राम पंचायत अढमलपुर में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नंदेश्वरनंद यादव के नेतृत्व में जिला सचिव लोहिया वाहिनी सुनील यादव के द्वारा पीडीए चर्चा चौपाल का आयोजन किया कार्यक्रम का संचालन मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने किया।

सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिसमें जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए पीडीए समाज के हक अधिकारों के बारे में पीडीए समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भाजपा सरकार जो केंद्र व प्रदेश में बैठकर के पीडीए के लोगों का शोषण कर रही है उसे हम सबको जागना होगा सबक सिखाना होगा हमें अपने हक और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी आज देश की संसद में सर्वोच्च पद पर बैठा गृहमंत्री देश के लोकसभा में बैठकर अपने संबोधन में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान करता है और माफी नहीं मांगता है।

देश व प्रदेश के युवा बेरोजगार हैं नौकरी नहीं है किसानों के खेत आवारा पशु खा रहे हैं महिलाएं असुरक्षित हैं उनके साथ तमाम अशोभनीय घटनाएं घट रही है।


चाहे उत्तर प्रदेश हो या देश की केन्द्र सरकार दोनों सरकारें मूकदर्शक बनी हुई देख रही है।

प्रदेश उपाध्यक्ष मौर्य शैलेश सिंह शैलू ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हम सभी को सिर उठाकर जीने के लिए वोट का अधिकार दिए तो हमारा भविष्य बेहतर हो इसके लिए संविधान में आरक्षण का अधिकार दिए संविधान में बहुत सारे प्रावधान दिए तो वहीं दलित समाज को सुरक्षा कवच एससी/एसटी वर्ग के लोगों को कोई उनपर अत्याचार करता है या उनका अपमान करता है, तो उसके खिलाफ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, कानून दिया कि कोई सामंतवादी प्रभुत्वादी व्यक्त दलितों के साथ अत्याचार ना कर सके।

पीडीए चौपाल को कैसरगंज विधायक प्रतिनिधि अभिषेक कुमार यादव अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपने अधिकारों को लड़ कर लेना होगा इन सामंतवादी सोच के लोगों से अब हक मांगने से नहीं मिलेगा लड़ना होगा क्योंकि हक अधिकार मांगने से नहीं मिलता लड़ने से मिलता है वहीं समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के व लोहिया के विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाजवादी पार्टी के सरकार में पूर्व के कार्यकाल में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से रामू गौतम, जगत राम गौतम, लालू वर्मा,कल्लू यादव बीडीसी, बाबा विश्वनाथ वर्मा, प्रकाश यादव, बबलू राम यादव राजित राम यादव, बुद्धई,राकेश, तीरथ,बलराम, सत्यम राहुल रामनरेश कैलाश गोविंद यादव अरविंद यादव आनंद यादव गिरधारी बैजू शिवम आदि गांव के तमाम सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत की बैठक अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा सागर की अध्यक्षता में सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



आज जिला पंचायत सीतापुर की बैठक निर्धारित समय पूर्वान्ह 12.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर परिसर में स्थित नेहरू हाल में मा0 अध्यक्ष महोदया, जिला पंचायत, सीतापुर श्रीमती श्रद्धा सागर की अध्यक्षता में अपर मुख्य अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, अभियन्ता, कार्य अधिकारी एवं माननीय जिला पंचायत सदस्यगणों सहित, मा0 ब्लाक प्रमुखगण के उपस्थिति में माननीय अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी महोदय द्वारा प्रारम्भ करायी गयी। माननीय सदस्यगणों की उपस्थिति में एजेण्डा बिन्दु के अनुसार सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाही सदन में पढ़कर सुनाई गयी। तत्पश्चात बैठक हेतु निर्धारित समस्त एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत वर्चा की गयी। साथ ही जिला पंचायत, सीतापुर का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 अंकन 1,53,10,69, 452.00 रूपये (मु0 एक अरब तिरपन करोड़ दस लाख उन्हत्तर हजार चार सौ बावन रूपये)। उक्त के अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के मूल बजट अंकन 83,07,98, 555.00 को सदन में पढ़कर सुनाया गया जिला पंचायत, सीतापुर में गठित समितियों के कार्यकाल अवधारण के संबंध में तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की 15वाँ वित्त योजनान्तर्गत टाइड फंड, अनटाइड फंड एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की पंचम राज्य वित्त आयोग तथा विभिन्न अनुदानों की गत वर्षों की अवशेष धनराशि के सापेक्ष अनुपूरक की कार्ययोजनाएं बनाये जाने पर एवं क्षेत्र पंचायतों से प्राप्त कार्ययोजनाओं की स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की गयी। तत्पश्चात जिला पंचायत, सीतापुर में पूर्व से प्रचलित मानचित्र संबंधी उपविधि की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन द्वारा स्वीकृत के साथ-साथ जिला पंचायत सीतापुर वित्तीय वर्ष 2024-25 की विभव एवं सम्पत्ति के अन्तर्गत कर निर्धारण सूची को सदन के पटल पर रखकर पढ़ा गया, जिसकी सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। जनपद के विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा सदन में उपस्थिति संबंधित विद्युत विभाग, जल निगम एवं पी0डब्लू0डी0 के अधिकारियों से मा0 सदस्यगणों द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी। अन्त में माननीय अध्यक्ष महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त मा0 सदस्यगणों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, बैठक समाप्त करने की घोषणा की गयी।

## महिलाओं ने सीएम कार्यालय की ओर किया कूच

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

पिसावां। चार साल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पोषाहार वितरण का भाड़ा और मानदेय नहीं मिल रहा है। इससे नाराज महिलाओं ने सोमवार को ब्लॉक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। बीडीओ की गैर मौजूदगी में जिम्मेदारों की ओर से सुनवाई न होने पर लखनऊ सीएम से मिलने के लिए कूच कर दिया। सभी मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर चल दीं। इससे अधिकारी परेशान हो गए। अपनी लापरवाही छुपाने के लिए अधिकारियों ने महिलाओं का मान मनौव्वल शुरू कर दिया। महिलाओं के मानने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों का पुष्टाहार वितरण कर रहीं स्वयं सहायता की महिलाओं को चार वर्षों से मानदेय, भाड़े का भुगतान नहीं हो रहा है। इससे नाराज महिलाएं सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पहुचीं।

# तेज रफ्तार डंपर ने मोटर साइकिल में मारी टक्कर, दो छात्रों की मौत

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र के पास तेज रफ्तार डंपर ने एक मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मोटर साइकिल पर सवार दो छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुंची तिकुनियां पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। बतादें तिकुनियां कस्बे के निवासी 16 वर्षीय शिवांग जैन पुत्र मुकेश कुमार जैन अपने साथी 17 वर्षीय आर्यन पुत्र प्रताप मोटर साइकिल पर सवार होकर कोचिंग के लिए जा रहे थे। तभी तिकुनियां विद्युत उपकेंद्र के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में दोनों को घायल अवस्था में तिकुनियां पीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने दोनों के हालत की गंभीरता को देखते हुए निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, तिकुनियां कोतवाल अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि दुर्घटना में शामिल डंपर को पुलिस ने कब्जे में लेकर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है,और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ नगर में बनने वाले सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बैठक कर समीक्षा कर दिये दिशानिर्देश

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के लखीमपुर रोड स्थित139 विधानसभा गोला के विधायक अमन गिरी ने सिंचाई विभाग के कार्यालय पहुंचकर वहां पर निर्माणाधीन कार्यों का सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता के साथ बैठक कर समीक्षा कर दिशानिर्देश दिए। साथ ही नगर में बनने वाले सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य प्रगति की रिपोर्ट के बारे में अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग से जानकारी ली और बताया कि नगर में जलभराव की समस्या एवं प्रदूषित जल को शुद्ध करने का कार्य सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा कराया जाएगा और उस पानी को खेतों की सिंचाई एवं अन्य कार्यों में प्रयोग किया जाएगा। इसके बाद विधायक अमन गिरि ने कॉरिडोर का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर गोकर्ण तीर्थ एवं कॉरिडोर परिसर के अन्य कार्यों की प्रगति के बारे में क्षेत्रीय लेखपाल जय प्रकाश वर्मा से जानकारी ली।इस अवसर पर श्री के0के0 शुक्ल प्रवक्ता, ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा, राम गुलाम पांडेय अध्यापक, कफील अहमद, लेखपाल श्री जयप्रकाश वर्मा जी सहित सिचाई विभाग एवं कॉरिडोर निर्माण विभाग के जेई विवेक बाजपेयी वह प्रोजेक्ट मैनेजर ए 0 के 0 सिंह और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाकुंभ दिव्या प्रदर्शनी का हुआ आयोजन





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी ने मंगलवार को स्थानीय ओम लॉन में महाकुंभ दिव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ उपजिलाधिकारी न्यायिक आशुतोष गुप्ता ने किया। प्रदर्शनी में महाकुंभ पर आधारित स्कूली बच्चों द्वारा बनाये गए पोस्टर, कुंभ पर आधारित डाक टिकिट, माचिस, प्राचीन एवं नवीन मुद्रा, कैमरे का संग्रह प्रदर्शित किया गया था।

इस प्रदर्शनी में जहां बच्चों द्वारा बनाये गए पोस्टरों में उनके द्वारा महाकुंभ की दिव्यता का प्रदर्शन किया गया था, वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर के लव कुमार के चित्र प्रदर्शित किये गए थे।

इनके अलावा रेडक्रास सोसायटी द्वारा पिछले तीन वर्षो में किये गए कार्यो को कौशलेंद्र भदौरिया द्वारा लगाये गए चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। इनके अलावा कुंभ पर आधारित डाक टिकिट तथा अन्य सामग्री का सोसायटी के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा तथा वरिष्ठ सदस्य विक्रम सेन सक्सेना ने प्रदर्शन किया था।

प्राचीन मुद्रा का अमित वर्मा, नवीन मुद्रा मोहम्मद रेहान, हर्षल सिंह, विदेशी करेंसी का रजत अग्रवाल ने, 786 सीरिज के नोटों का प्रदर्शन उमर ने किया था। इसके अलावा प्रदर्शनी का आकर्षण विभिन्न कैमरों का सोसायटी सदस्य साकेत सक्सेना का संग्रह रहा।

इनके अलावा अशरफ शाहजहांपुर तथा तसलीम शम्सी ने भी अपना मुद्रा का संग्रह प्रदर्शित किया।

प्रदर्शनी का पीलीभीत टाईगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह, प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा के अधिकारी विपिन वर्मा, विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, यूपी बैंक इंपलाइज यूनियन के जिलाध्यक्ष सौरभ गंगवार ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सोसायटी के संरक्षक डॉ.एसपीएस संधू, उपाध्यक्ष डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री, अनिल महेंद्रू, विजय जायसवाल, राकेश कुमार, राजेश गंगवार, विक्रांत शर्मा, दीपक सक्सेना सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पीलीभीत में स्वीकृत हुआ संग्रहालय

प्रदर्शनी में अवलोकन करने पहुंची नगर पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने बताया कि हॉबीज हैरिटेज सोसायटी की मांग पर पीलीभीत में संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव पारित हो गया है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में यह संग्रहालय तैयार हो जाएगा। इसके लिए सामग्री उपलब्ध कराने का उन्होंने हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी से आग्रह किया।

# मौनी अमावस्या पर शारदा नदी के धनाराघाट पेंटून पुल से बंद रहेगा आवागमन



जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**हजारा।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर शारदा नदी के धनारा घाट पर बने पेंटून पुल से वाहनों का आज बुधवार को एक दिवसीय आवागमन बंद रहेगा।

पेंटून पुल से बुधवार को केवल श्रद्धालू ही बिना वाहन के केवल पैदल आवागमन कर सकेंगे।

बुधवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर धनाराघाट शारदा नदी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचकर शारदा नदी के पावन जल में आस्था रुपी डुबकी लगाने की संभावना को देखते हुए एवं श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिहाज से धनाराघाट पेंटून पुल पर बुधवार को एक दिवसीय वाहनों का आवागमन पूर्णतःबंद रहेगा उक्त दिन केवल श्रद्धालू ही बिना वाहन के केवल पैदल आवागमन कर सकेंगे। पीलीभीत व पूरनपुर से हजारा क्षेत्र में जाने वाले एवं पलिया व संपूर्णानगर खजुरिया आदि से पूरनपुर पीलीभीत जाने वालें वाहन स्वामी पेंटून पुल की ओर न जाएं।

हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह के द्वारा वाहनों को रोकने के लिए धनाराघाट पेंटून पुल के दोनों तरफ अस्थाई बैरियर लगाया गया है पुलिस ने वाहन स्वामियों एवं क्षेत्र वासियों को अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए प्रेरित भी किया गया है।

### ग्राम प्रधान ने धनाराघाट पर रैन बसेरे का किया इंतजाम

मौनी अमावस्या मेला पर धनाराघाट शारदा नदी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व ही सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचकर शारदा तट पर रात भर भजन कीर्तन करते हैं इसे देखते हुए चंदिया हजारा गांव के ग्राम प्रधान बांसूदेव कुंडू एक ग्राम विकास अधिकारी प्रेमशंकर के द्वारा रैन बसेरे का इतजाम किया गया है।

# जिलाधिकारी की आंकाक्षात्मक ब्लाक पूरनपुर एवं सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंकाक्षात्मक ब्लाक पूरनपुर के संकेताकों में यूनीसेफ एवं सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाये, उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये तथा 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कैम्प लगाकर हाईपरटेंशन व शुगर की जांच की जाये। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर डाटा फीड करते समय डाटा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषाहार वितरित किया जाये। बैठक में यूनीसेफ के मॉनीटर के द्वारा उपकरणों के माध्यम से बच्चों का वजन किया जाये तथा कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन ऑगनबाडी केन्द्रों पर शौचालय व पेयजल की सुविधा न हो वहां अलग से व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि विकासखण्ड पूरनपुर में कुल 397 परिषदीय विद्यालयों संचालित है, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में जल जीव मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं की निर्माण प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, एलडीएम, डीसी मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर। देर रात बाइक से मैलानी जा रहे बाइक सवार युवक साइकिल सवार से टकरा गए हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार देर रात घुंघचाई निवासी देव शर्मा अपने भाई मनोज ओर श्लोक शुक्ला को लेकर मैलानी जा रहे थे।आसाम हाईवे पर गांव कढैरचौरा के निकट बाइक सवार सामने से चल रहे साइकिल सवार से टकरा गए। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया।देव शर्मा की हालत गंभीर होने पर स्वजन निजी अस्पताल में ले गए। बरेली के एक निजी अस्पताल में युवक का उपचार चल रहा है।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 31 परिवारों होगें लाभान्वित



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उ0प्र0 कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावा पत्रावलियों के निस्तारण के सम्बन्धी में समीक्षा बैठक कलेक्टेऱ्ट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिससे कि पात्र पीड़ित परिवार को योजना से लाभान्वित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील वार प्राप्त हुये कृषक दुर्घटना दावा पत्रों की पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त ही पीडित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की सहमति प्रदान की गई। इस दौरान जनपद की पांचों तहसीलो से कुल प्राप्त आवेदन 69 में से 31 पीड़ित परिवारों को रू. 05-05 लाख की आर्थिक हेतु स्वीकृत प्रदान की गई। जनपद की पांचों तहसीलों में 69 कुल आवेदन में से 31 स्वीकृत, 09 आपात्र, 01 लम्बित एवं 28 आवेदन दावों की पुनः जांच करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पीडीए व चर्चा कार्यक्रमों में सपा करेगी मतदाताओं को जागरूक- हरिपाल लोधी

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में सेक्टरवार पी0डी0ए0 चर्चा कार्यक्रम के क्रम में आज सेक्टर नंबर 38 स्टेशन रोड बीसलपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
सपा नेता हरिपाल लोधी ने अग्रिम कार्यक्रमों की तिथि निर्धारित कर सेक्टरवार जिम्मेदारी निर्धारित की तथा भारतीय संविधान को बचाने एवं बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया तथा सामाजिक न्याय, आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई, जातीय जनगणना आदि विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासचिव डॉ0 यासीन अंसारी ने तथा संचालन रामप्रताप गंगवार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायत्री गंगवार, केदारनाथ गौतम, मीनाक्षी गंगवार, मोहम्मद बलीउल्ला, आरिफ सिद्दीकी, सुधा यादव, गोविंद प्रसाद मुन्ना, अकरम अंसारी, मोहम्मद रफी, वीरेश यादव, अविनाश गंगवार, प्रदीप राठौर, मोहम्मद अकील, वेद प्रकाश, महेश कुमार, शंकर लाल, राजेंद्र प्रसाद, मोहम्मद अली शेर, हारुन खान, पूर्व नगर अध्यक्ष मुक्तदिर हयात खान, नन्हे चौधरी, हसन अंसारी, मोहम्मद सलीम अंसारी, संजीव शंखधार, मंसूर अहमद, अमित गौतम, संजीव कुमार, रोहित कुमार, नरेश पाल, संतराम पाल सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मछलीशहर।** तहसील प्रांगण में अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को शपथ ग्रहण किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के गरीब कमजोर जिनको पैसे के अभाव में न्याय नहीं मिल पा रहा है, उनकी मदद आप लोगों को जरूर करनी चाहिए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट और अधिवक्ता कल्याण निधि 5 लाख कराने के लिए भरसक प्रयास का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि जनता को न्याय मिले यह अधिवक्ताओं के माध्यम से ही संभव है। अधिवक्ताओं के हित, सम्मान की लड़ाई में हमेशा आपके साथ हूं, लेकिन आप अपनी एकता बनाए रहें। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि कानूनी न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ता एक कड़ी का काम करते हैं।एडवोकेट हाई कोर्ट राय साहब पटेल ने अधिवक्ताओं को संगठित रहने पर बल दिया और सभी पदाधिकारियों व एल्डर्स कमेटी को सम्मानित किया। डॉ आर बी चौहान एवं डॉ तेज बहादुर यादव ने भी विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि सीमा द्विवेदी ने अध्यक्ष हुबेदार पटेल और मुख्य अतिथि ने महामंत्री नंदलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चौधरी सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी/ चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, सदस्यगण केदार नाथ यादव, ब्रह्मदेव शुक्ल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, हरिनायक तिवारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ एवं पूर्व महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अजय सिंह, रघुनाथ प्रसाद, भरत लाल यादव सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र एवं संचालन श्याम सुंदर यादव ने किया।

# एस.बी.आई. बैंक से सोना गायब होने के बाद दर्ज हुआ अज्ञात पर मामला




जन एक्सप्रेस । बिपिन तिवारी

**शाहगंज/जौनपुर।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में गोल्ड लोन के जेवरात चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद शाखा प्रबंधक विवेकानंद ने कोतवाली पुलिस में मामला दर्ज कराया है। अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस प्रकरण के जांच में जुटी है।

बैंक में गोल्ड लोन के तहत ऋणी द्वारा जमा कराए गए जेवरात लाकर में सुरक्षित रखे जाते हैं। एक ऋणी फूला देवी ने अपना बकाया चुकाकर जेवरात वापस लिया। लेकिन उन्होंने शिकायत की कि उनके बैग में जमा कराए गए कुछ जेवरात गायब हैं।

बैंक प्रबंधक ने कागजात देखने के बाद जेवर के कम होने की बात ग्राहक से स्वीकार कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जांच में पता चला कि कई अन्य के जेवरात भी कम है। फिलहाल शाखा प्रबंधक कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। वहीं कोतवाली निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है। अज्ञात के विरुद्ध अमानत में खयानत का अभियोग दर्ज कर विवेचना की जा रही है। अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि कितने मूल्य के जेवरात गायब हुए अथवा इसमें कौन-कौन संलिप्त हैं।

बैंक द्वारा भी आंतरिक जांच कराया जा रहा है। इस बाबत एक टीम बैंक पहुंची।

लेकिन बात करने अथवा कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसें लेकर बैंक लाकर को सुरक्षित समझने वालों व इसका उपयोग करने वालों की धड़कनें तेज हो गई है।

# सुशील मूंछ के बेटे अक्षयजीत समेत दो को मुठभेड़ में लगी गोली, मूंछ पर एक लाख का इनाम घोषित

जन एक्सप्रेस । मेरठ



मंसूरपुर स्थित न्यू मैक्स सोसायटी के मैनेजर से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने कुख्यात सुशील मूंछ के बेटे हिस्ट्रीशीटर अक्षयजीत उर्फ मोनी और उसके साथी अमरदीप उर्फ भोलू को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस की गोली से घायल हुए। पुलिस ने कार, 9 एमएम की पिस्टल और तमंचा बरामद किया। उधर, पुलिस ने मूंछ पर भी एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है।

सोसायटी के मैनेजर मोलाहेड़ी निवासी मनीष कुमार से व्हाट्सएप कॉल के जरिए रंगदारी मांगी गई थी। सोमवार रात मंसूरपुर थाने में सुशील मूंछ के बेटों मनजीत टोनी और अक्षयजीत उर्फ मोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

मंगलवार को मंसूरपुर व खतौली पुलिस मंसूरपुर के नावला कट के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक कार में दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ने कार को नावला मार्ग पर दौड़ा दिया। पीछा करने पर कार सवार युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान वे कार से उतरकर ईख की तरफ भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि एक घायल सुशील मूंछ का बेटा मथेडी निवासी अक्षयजीत है और दूसरा उसका साथी अमरदीप उर्फ भोलू है। भोलू के दोनों पैर व अक्षयजीत के एक पैर में गोली लगी है। अक्षयजीत रंगदारी का मुकदमा दर्ज होने के बाद अपने साथी के साथ जिला छोड़कर भाग रहा था। दोनों से पूछताछ की जा रही है। दोनों आरोपी रतनपुरी थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। उधर, कोर्ट से भगौड़ा घोषित सुशील मूंछ पर साल 1997 के मामले में पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है।

# जिलाधिकारी तहसील का आकस्मिक किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मड़ियाहूं। जिलाधिकारी दिनेश कुमार अचानक मडियाहूं तहसील पहुंच गए। उनके पहुंचते ही कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल हो गया। जिलाधिकारी ने एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। बार के अध्यक्ष सूर्यमणि यादव व महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी व तहसीलदार पर गलती सुधार 32/38 की सुनवाई न होने, सुनवाई के दौरान मुकदमे की फाइल पर फर्देकाम नहीं लिखा जाने सीधे फैसला सुनाया जाने तहसीलदार द्वारा ऑनलाइन बैनामा पहुंचने पर कोई कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया। जिला अधिकारी ने अधिवक्ताओं की शिकायत को सही बताते हुए इसके लिए एसडीएम को 15 दिन का समय दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं को निर्देश दिया कि वह छोटे मुकदमों के निस्तारण में रुचि लेकर निस्तारित करें। उन्होंने बार का भी आह्वान किया कि पिछले 4 महीना से काफी काम हुआ है। पुरानी पेंडेंसी को दूर करने के लिए बार बेंच आपस में सहयोग करेंगे तभी इससे निजात मिलेगा। इसके बाद उन्होंने खतौनी कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने खतौनी कक्ष के पास पत्रकारों को जाने से रोक दिया। इस दौरान उप जिला अधिकारी कुणाल गौरव नायब तहसीलदार संदीप सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रिश्तेदारी में आया युवक लड़की को लेकर फरार, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर




रिश्तेदारी में आया युवक एक लड़की को लेकर फरार हो गया है फरार लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके यहां थाना बिलसंडा के गांव बढ़ेपुरा मरौरी निवासी हिमांशु पुत्र सोमवीर सिंह का रिश्तेदारी के कारण आना जाना था। जोकि उसकी 18 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसे कई जगह तलाश किया गया किन्तु कोई पता नहीं चला। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने हिमांशु पुत्र सोमवीर निवासी ग्राम बढ़ेपुरा मरौरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# चार दिन से दो युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

जन एक्सप्रेस । मेरठ

**बुढ़ाना।** गांव मदीनपुर निवासी नाई का कार्य करने वाले दो साथी चार दिन पहले अचानक गांव से लापता हो गए। युवकों के परिजनों ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने दोनों युवकों की गुमशुदगी दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मदीनपुर के रहने वाले फिरोज (18) व अरशद (19) अपने ही गांव में नाई की दुकान चलाते हैं। 25 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे दोनों कहीं चले गए, उनके मोबाइल ऑफ हैं। तलाश करने पर भी वह कहीं नहीं मिले। दोनों युवकों के परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# भाकियू ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर मांगा किसानों का हक

जन एक्सप्रेस । मेरठ

खतौली/जानसठ/पुरकाजी/चरथावल। जिलेभर में गणतंत्र दिवस पर भाकियू ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर किसानों का हक मांगा। किसानों ने कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। सिसौली में भाकियू नेता गौरव टिकैत के नेतृत्व में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने किसान भवन में तिरंगा झंडा फहराया।

खतौली में युवा ब्लॉक अध्यक्ष शिवा अहलावत के साथ कार्यकर्ताओं ने गांव भैंसी से यात्रा निकाली। राहुल अहलावत, अमित अहलावत, दीपक शामिल रहे। उधर, भाकियू एनसीआर अध्यक्ष कपिल सोम के साथ दर्जनों ट्रैक्टरों के काफिले के साथ कार्यकर्ताओं ने गंगनहर पुल से ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली।

पुरकाजी में दो तिरंगा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह तिरंगा यात्राओं का रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। एक तिरंगा यात्रा नगर चेयरमैन जहीर फारूकी के नेतृत्व में निकाली गई। जो पुरकाजी बस स्टैंड से शुरू होकर सूली वाला बाग पर सम्पन्न हुई। सूली वाला बाग पर पहुंचकर ध्वजारोहण किया गया। उसके उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया।

दूसरी तिरंगा यात्रा लोकदल नेता बशारत खान के नेतृत्व में लताफ़त खान के आवास से निकाली गई। पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय सलामत खान के बंगले पर संपन्न हुई। जानसठ में ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान व युवा तहसील अध्यक्ष बिट्टू ठाकुर के नेतृत्व में मार्च निकाला।

# एनडीए में असहज होने लगे रालोद के मुस्लिम नेता

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर

पश्चिम यूपी में बड़ा वोट बैंक होने के बावजूद सियासत में अलग-थलग पड़े मुस्लिम नेता साल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नई सियासी राह चुनने की तैयारी में है। रालोद के एनडीए में शामिल हो जाने के बाद कई मुस्लिम नेता भविष्य की राजनीति को लेकर असहज दिख रहे हैं। यही वजह है कि दलित-मुस्लिम समीकरण की कवायद में पूर्व सांसद अमीर आलम खान ने आसपा का दामन थामने का फैसला किया है।

पश्चिम यूपी में जाट-मुस्लिम समीकरण नतीजे बदलता रहा है। लेकिन मुजफ्फरनगर दंगे के बाद जातीय समीकरण बिखर गया। साल 2022 में सपा-रालोद गठबंधन में फिर यही समीकरण दिखा, जिस कारण पश्चिम में रालोद-सपा ने भाजपा को करारा झटका दिया था। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में रालोद और सपा की राह अलग हो गई। रालोद ने भाजपा के साथ मिलकर एनडीए का दामन थाम लिया। नए गठबंधन को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन रालोद के मुस्लिम नेता खुद को असहज महसूस कर रहे हैं।

जाट-मुस्लिम समीकरण का असर 2024 में बेअसर रहा। ऐसे में रालोद के मुस्लिम नेता भविष्य की राजनीति का ताना बाना बुनते हुए दलित-मुस्लिम समीकरण बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं।

# सहायक उपकरण पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे, विधायकों और जिलाधिकारी ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



मंगलवार को विकास भवन परिसर में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, स्मार्ट कैन, व्हीलचेयर, कान की मशीन, बैसाखी आदि बांटी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा 175 दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल,12 दिव्यांगजन को स्मार्ट केन,19 दिव्यांगजन को व्हीलचेयर ,5 दिव्यांगजन को कान की मशीन , 76 दिव्यांगजनों को जोड़ी वैशाखी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर ने कहा कि देश के एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए प्रदेश के दिब्यांगजनों को योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए सशक्त किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दिब्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर सशक्त किया जा रहा हैं। वही कार्यक्रम में बोलते हुए डीएम पवन अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगजनो को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु ग्राम स्तर पर कैंप लगाकर दिव्यांगजनो को लाभान्वित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़े इसके लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़ा है।

उन्होंने बताया कि जनपद में टीबी मुक्त भारत अभियान भी संचालित है , जिसके टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण के साथ साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त,जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, बृजेंद्र तिवारी , जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी ने श्रीकृष्ण-जन्मभूमि की शोभा बढ़ाई

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**



श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर शोभायात्रा में श्रीविश्राम घाट पर यमुना महारानी के भव्य और दिव्य पूजा विद्वान पूजाचार्यों के द्वारा करायी गयी। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी के दर्शन कर ब्रजवासी और श्रद्धालुजन अल्हादित थे। श्री एस. लक्ष्मीनारायणन एवं श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा एवं सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने माँ यमुनाजी का पंचामृत अभिषेक, पुष्प श्रंगार आदि सामग्री से पूजन किया।

तदोरान्त 1008 मंगल परिधानों में सुहागिन महिलाऐं कलश धारण कर श्रीमद्भागवत जी की यात्रा में सम्मिलित हुईं। यह दिव्य एवं अलौकिक श्रीमद्भागवत जी शोभायात्रा दोपहर 1 बजे श्रीयमुनाजी एवं श्रीमद्भागवत जी के पूजन-अर्चन के उपरान्त विश्राम-घाट से शुभारम्भ होकर स्वामीघाट, चौक बाजार, मण्डी रामदास, डीगगेट होते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार (गेट नं0-1) पर पहुंची।

इस भव्य शोभायात्रा में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा, सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, उदार दानदाता एवं भगवत भक्त श्री एस. लक्ष्मीनारायणन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन, प्रबन्धक राजेश पाण्डेय, उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, नारायण राय, संजीव भारद्वाज, ओमवीर सिंह एवं अनिलभाई आदि ने विशेष योगदान दिया। श्रीकृष्ण-जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी श्री अनुराग डालमिया, श्रीमती जयन्ती डालमिया, डीआईजी श्री शैलेश कुमार पाण्डेय, एसपी सिटी श्री अरविन्द कुमार, एसपी क्राइम सहित बड़ी संख्या में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारीगण एवं भक्तजन श्रीमद्भागवतजी के दर्शन कर पुण्य-क्षण के साक्षी बने।

# बलरामपुर पुलिस ने करोड़ों मूल्य के मादक पदार्थों को कराया नष्ट

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में मंगलवार को पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के नेतृत्व में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) द्वारा मादक पदार्थों के कुल 138 अभियोगों से संबंधित ढाई करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के माल का निस्तारण विनिष्टीकरण कराया गया । जिले के 17 थानों पर पंजीकृत कुल 138 अभियोगों से सम्बंधित कुल 147.708 किग्रा (अवैध गांजा, चरस, नशीली गोली पाउडर) बलरामपुर चीनी मिल के इंसीनरेटर द्वारा विनिष्टीकरण कराया गया। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा मादक पदार्थों के अधिग्रहण, भण्डारण, निस्तारण व विनिष्टीकरण के संबंध में प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर डॉ0 केएस प्रताप कुमार व पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक के कुशल पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार के मार्गदर्शन में जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थों के संबंधित पंजीकृत अभियोग से संबंधित माल के निस्तारण हेतु न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (डीडीसी) द्वारा मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मनःप्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा जनपद के 17 थानों पर अवैध मादक पदार्थों से संबंधित पंजीकृत कुल 138 अभियोगों से सम्बंधित कुल 147.708 किग्रा (अवैध गांजा, चरस, निशीली गोली व पाउडर) का विनष्टीकरण मानक के अनुसार थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित चीनी मिल्स के इन्सिनेटर के माध्यम से कराया गया। विनष्टीकरण कराये गये कुल 147.708 किग्रा अवैध मादक पदार्थ (अवैध गांजा, चरस, निशीली गोली व पाउडर) की अनुमानित कीमत करीब 2.61करोड़ रुपए आंकी गई है।

# धार्मिक रीति रिवाज से 86 जोड़ों का विवाह संपन्न, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड परिसर हरैया सतघरवा मे सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड हरैया सतघरवा के 27 जोड़ों, विकास खण्ड तुलसीपुर के 56 जोड़ों एवं नगर पंचायत तुलसीपुर के 03 जोड़ों कुल 86 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 10 जोड़े एवं अन्य वर्ग के 76 जोड़े सम्मिलित हुए।

विकास खण्ड परिसर हरैया सतघरवा में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक तुलसीपुर, समस्त मा0 ब्लांक प्रमुख, अध्यक्ष, नगर पंचायत तुलसीपुर, जनप्रतिनिधियों एवं प्रज्ञा शंकर उपनिदेशक समाज कल्याण, देवीपाटन मण्डल गोण्डा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, हरैया सतघरवा व तुलसीपुर एवं अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत तुलसीपुर व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों द्वारा सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद व मंगल वैवाहिक जीवन की कामना की गयी।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं को सिखाया गया योग



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में मृत्युंजय योग फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ बलरामपुर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बलरामपुर के बच्चो, युवाओं और बुजुर्गों को योग से जोड़कर उनके स्वस्थ को बेहतर बनाना है। अभियान के तहत मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय संघ महिला मंडल के पदाधिकारीयों को योग कराया गया। योग व मेडिटेशन कार्यक्रम के द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होकर स्वस्थ बलरामपुर व विकसित बलरामपुर के निर्माण में योगाचार्य मधु मिश्रा ने मृत्यंजय योगा फाउंडेशन के बैनर तले सभी को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए शपथ भी दिलाया। इस दौरान अनुराधा सिंह, शिल्पा सिंह, सुनीता गुप्ता, मंजू सिंह, रेशमा सिंह, नीतू सिंह, साक्षी सिंह, सोनिया सिंह आदि सदस्यों ने एक साथ योग किया।

## सब्जी खरीदते समय युवक को पीटा, दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा फतेहाबाद के फिरोजाबाद चौराहे पर सब्जी खरीद रहे युवक को तीन लोगों ने पीटा पीड़ित ने तीनों के विरुद्ध कराया मुकदमा दर्ज। रामसुख पुत्र ओमप्रकाश निवासी बमरौली थाना फतेहाबाद ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि फिरोजाबाद चौराहे पर स्थित एक अस्पताल में मरीज को देखने गया था वहां से लौटकर कस्बा के फिरोजाबाद चौराहे पर सब्जी खरीद रहा था तभी वहां खड़े जसराम निवासी पूठपुरा व दो अज्ञात लोग शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे जब विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट की गई इस दौरान मारपीट में जेब में रखे आठ हजार रुपये गिर गए वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ईट से लदे ट्रैक्टर की टक्कर से बैंक के कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** खंदौली थाना क्षेत्र मैं एक दर्दनाक सड़क हादसे में बैंक के 32 वर्षीय कर्मचारी की मौत हो गई शनिवार की देर शाम को बैंक से घर लौट रहे कर्मचारी की पड़ाव चौराहे पर ईट से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने अपनी चपेट में ले लिया जिस मै बैंक कर्मचारी मोहन प्रताप की जान चली गई मोहन प्रताप शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव पवाली के रहने वाले थे और वह एचडीएफसी बैंक में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे दुर्घटना के समय वह अपनी बाइक से बैंक से घर लौट रहे थे तभी पीछे से आ रहे ईट से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिस से मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्राली को हिरासत में लेकर शब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के पिता जयबीर सिंह ने ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

# 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए , जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो।

उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में किसी भी सरकारी संपतियो को बिना संबंधित विभाग के एनओसी की बिना नुकसान न पहुंचाया जाए , एनओसी मिलने के बाद निर्धारित समय में क्षतिग्रस्त सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित हो , यह संबंधित विभाग की भी जिम्मेदारी होगी।

इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण , अनुरक्षण , गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी , अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अटल जी की स्मृतियों को संकलित कर जन-जन तक पहुंचाएगी बीजेपी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन से जुड़ी हुई स्मृतियों को जिले भर से संकलित करेगी।

बलरामपुर सदर विधानसभा से विधायक पलटू राम ने 28 जनवरी को बताया कि जिले में अटल जी से जुड़ी हुई पेपर कटिंग, किताब पर दिया गया आटोग्राफ, कोई दस्तावेज, आडियो एवं वीडियो क्लिप सहित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सामग्री भाजपाई एकत्रित करेंगे। भाजपा 25 दिसंबर से अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है । विधायक ने कहा कि अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान आगामी 31 जनवरी तक भाजपाइयों की ओर से चलाया जा रहा है। अभियान में अटल जी से जुड़ी हुई चीजों को एकत्रित किया जाएगा। वहीं अटल जी पर लिखे गए लेख व पुस्तकों को सूचीबद्ध करके संकलन किया जाएगा। जिसकी जानकारी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। आगामी 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल के सभी प्रशंसकों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन में अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा । अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर हमारे जिले में जो लेख व पुस्तकें लिखी गई हैं, उनके लेख को भी सम्मानित किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किया गया यातायात नियमों के प्रति जागरूक



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल और कॉलेज में मंगलवार को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''सड़क सुरक्षा कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने आये हुये मुख्य अतिथि बृजेश कुमार यादव एआरटीओ बलरामपुर सम्मानित अतिथि यातायात प्रभारी निरीक्षक बलरामपुर एवं डा0 शिवानंद पाण्डेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एम0एल0के0 पी0जी0 कालेज, बलरामपुर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को वाहन सम्बन्धित नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी स्वयं एवं अपने माता-पिता को बताये कि यातायात के नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करें, विद्यालय के निकट वाहन धीमी गति से चलायें, वाहन प्रदूषण की नियमित जांच करायें, रात्रि में डीपर का प्रयोग करें, सीट बेल्ट का उपयोग करें, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बातें न करें, बाई ओर से ओवाटेक न करें, मोड एवं चैराहों पर गाड़ी धीमी रखें, बिना बैध लाइसेंस के गाड़ी न चलायें, 16 वर्ष से कम उम्र के लोगो के लिए कोई भी दो पहिया या चार पहिया वाहन चलाना प्रतिबन्धित है, 16 से 18 वर्ष तक उम्र के लोगों को गियर वाली गाड़ी प्रतिबन्धित है, बैध परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन किताब और बीमा के कागजात सदैव अपने पास रखें। सुरक्षित चलने में ही यात्रा का आनन्द है। याद रखें कि समय बहुमूल्य है किन्तु जीवन अमूल्य है। साथ ही आये हुए मुख्य अतिथि ने प्रबन्ध निदेशक सहित सभी सम्मानित अतिथियों एवं सभी अध्यापक अध्यापिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रांगण में यातायात के नियमों का पालन करने के लिए विद्यालय के प्रांगण में शपथ ग्रहण करवाया। अन्त में प्रबन्ध निदेशक ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि सरकार द्वारा चलाये गये सड़क सुरक्षा अभियान के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आप लोग अक्षरसः पालन करें। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## सामाजिक क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए नीरज मौर्य को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के रामनगर क्षेत्र के नव्यग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य को समाज सेवा में किए गए उत्कृष्ट कार्य को लेकर इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी और आदर्श मानव सेवा संस्थान एवं आल इंडिया ब्लड डोनर ट्रस्ट ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य को सामाजिक क्षेत्र में की गई मानवीय सेवाओं के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया नीरज मौर्य ने कहा कि ये सम्मान सिर्फ मेरा ही नहीं बल्कि उन सभी रक्तवीरों,रक्त वीरांगनाओं का है,जिन्होंने हमेशा हमारा साथ दिया है,जरुरतमंद को रक्तदान किया है और जरूरतमंद को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है,आज उनकी बदौलत हम इस मुकाम पर पहुंचे है..!

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न , समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए , जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में किसी भी सरकारी संपतियो को बिना संबंधित विभाग के एनओसी की बिना नुकसान न पहुंचाया जाए , एनओसी मिलने के बाद निर्धारित समय में क्षतिग्रस्त सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित हो , यह संबंधित विभाग की भी जिम्मेदारी होगी। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण , अनुरक्षण , गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी , अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की वर्चुअल बैठक का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ एवं एमएलके पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में एक वर्चुअल ओरियंटेशन बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने की। बैठक का संचालन सहायक क्षेत्र निदेशक इग्नू डॉक्टर कीर्ति विक्रम सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि 28 जनवरी 2025 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ एवं एम एल के पीजी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक वर्चुअल ओरियंटेशन बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि एम एल के महाविद्यालय अध्ययन केंद्र इग्नू का बहुत ही पुराना अध्ययन केंद्र है । इस अध्ययन केंद्र पर



कुल 54 विषयों एवं डिप्लोमा कोर्स में अध्ययन हेतु एडमिशन लिया जा सकता है। डॉ मिश्रा ने कहा कि परंपरागत अध्ययन के साथ ही साथ। इग्नू से। अन्य विषयों में भी डिप्लोमा किया जा सकता है। डॉ मिश्रा ने बताया कि इग्नू एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। उन्होंने अध्ययन केंद्र पर एडमिशन बढ़ाने हेतु छात्रों के मध्य इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के प्रचार प्रसार पर जोर देने के लिए कहा। वर्चुअल बैठक में क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की डॉ रीना कुमारी, डॉ अनामिका सिंह, डॉक्टर जयप्रकाश एवं डॉक्टर नीतीश नागर सहित अध्ययन केंद्र एमएलके पीजी कॉलेज में अध्यनरत छात्र छात्राएं सम्मिलित थे। अंत में इग्नू अध्ययन केंद्र एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के समन्वरक डॉक्टर आलोक शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
नन्द कुमार वर्मा विकासखण्ड तुलसीपुर
ग्रामप्रधान सुगानगर बलरामपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव
प्रबन्धक बीएचकेएस बाल भारती इंटर कालेज बलरामपुर

सावित्री हास्पिटल
सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
सावित्री हास्पिटल
जच्चा बच्चा केन्द्र उतरौला बलरामपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 अहमद खान
लाईफ केयर हास्पिटल उतरौला बलरामपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
के के सरोज भारतीय विद्यालय इंटर कालेज
प्रधानाचार्य उतरौला बलरामपुर

आप सभी जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तम्बाकू
मौत का दूसरा नाम है।
क्या आप फिर भी इसका सेवन करना चाहेंगे ?
सौजन्य से कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत

आप सभी जनपद वासियों को गणतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 क्रांति कांत शुक्ला अस्पताल
डॉ.के.के.शुक्ला
डॉ दृढ़ता शुक्ला
डॉ विकास शुक्ला

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय प्रताप सोनी
भाजपा मंडल महामंत्री
तुलसीपुर बलरामपुर
आशा देवी
सभासद शुगर मिल वार्ड नंबर 7

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
गोला गोकर्णनाथ खीरी
फिरोज अहमद राइन
प्रॉपर्टी डीलर एवं आढ़ती मंडी समिति

कार्यालय नगर पंचायत
निघासन लखीमपुर-खीरी
स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनायें।
इस अवसर पर हम नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।
01. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टोंटिया खुली न छोडे।
02. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सडकें खराब होती है।
03. कूड़ा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
04. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोडे इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
05. डोर टू डोर कूडा कलेक्शन में लगे सफाई कर्मचारियों को गीला कूड़ा, सूखा कूडा अलग–अलग करके दे।
समस्त सदस्यगण
श्रीमती रामश्री, श्री श्याम सुन्दर, श्री गुड्डु राज, श्री अमित वर्मा, श्री राम खेलावन, श्रीमती सुमन देवी, श्री उमेश मौर्या, श्री दयाशकंर पाल, श्री मुन्ना खान, श्री बाबू राम मौर्य, श्रीमती गायत्री देवी, श्री असलम खान, श्री विनोद कश्यप, श्रीमती नीलू गिरि, श्रीमती शिव देवी।
दिनेश शुक्ला
अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत निघासन खीरी
बद्री प्रसाद मौर्य
अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन खीरी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक जन एक्सप्रेस समाचार पत्र लखीमपुर खीरी, मो.नं.7678821315
सुश्री सुनहरा
जिला संवाददाता

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर वार्ड 24 नगर पालिका लखीमपुर खीरी
शमशुल हसन
सभासद मोहल्ला हिदायत

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्लाईवुड फैक्ट्री
गोला रोड लखीमपुर खीरी
नरसिंह भैया
अभिषेक भैया

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधान केशव कुमार
ग्राम सभा हरैया
सबका साथ सबका विकास
ब्लाक नकहा लखीमपुर खीरी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधान कल्पना राज
पति संतोष कुमार भार्गव ग्राम सभा ओदरहना
सबका साथ सबका विकास ब्लॉक फूलबेहड़ जिला खीरी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बाल्डीह ब्लाक फूलबेहड़ जिला खीरी
जावेद अली
एडवोकेट, प्रधान

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल
ग्राम सभा ओदरहना
ब्लॉक फूलबेहड़ जिला खीरी
प्रबंधक सत्येंद्र मिश्रा

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजमानी पब्लिक स्कूल
सीतापुर रोड लखीमपुर खीरी
हरबंस सिंह प्रबंधक

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजमानी इण्टरनेशनल स्कूल
एल.आर.पी.रोड लखीमपुर खीरी
जस्मीत सिंह उर्फ विक्की भैया प्रबंधक
प्रिंस सलूजा प्रिंसिपल

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल हसीब उर्फ पुत्तन प्रधान
ग्राम पंचायत बड़ागांव ब्लाक नकहा जिला लखीमपुर खीरी

GREEN FIELD ACADEMY
LOVE - FAITH - SACRIFICE
AFFILIATED TO CBSE & CICSE BOARD
SITAPUR | LAKHIMPUR | HARGAON | MAHEWAGANJ
HAPPY Republic Day
TO ALL THE CITIZEN OF INDIA
9795140247 | 9839161013

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश शुक्ला, पूर्व प्रधान
बसौली ब्लाक कुम्भी गोला - खीरी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ प्रकाश सिंह विकास खण्ड मोहम्मदी - खीरी
ग्राम विकास अधिकारी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि प्रकाश वर्मा प्रबंधक
पूर्व सांसद/ राज्य सभा सांसद

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
मयंक त्रिवेदी
बस्तोली पॉवर हाउस मोहम्मदी खीरी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ मयंक मिश्रा मोहम्मदी खीरी
अधीक्षक स्वास्थ्य विभाग

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदेश सयोजक
कुंवर राजराजेश्वर सिंह
झंडी राज निघासन लखीमपुर खीरी

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
DOON PUBLIC SCHOOL
ADD : Dilawarpur, Mohammadi, Lakhimpur (Kheri)
Contact Us : 7982030291, 9455694562, 6386524503

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
अनंत प्रकाश सरोज (प्राचार्य)

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय मौर्य सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी
वीरपाल सचिव

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
उपदेश वर्मा सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी
स्वाति लोधी सचिव

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील पंकज सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी
शालिनी पाण्डेय सचिव

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन द्विवेदी सचिव
विकास खण्ड निघासन खीरी
नवीन राठौर सचिव

गणतंत्र दिवस 26th JANUARY की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पंचायत इंटर कालेज
पंकज गुप्ता प्रधानाचार्य
निघासन खीरी
मनोज कुमार लिपिक

## एक्सप्रेस खबरें...

### भाजपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण ने वरिष्ठ जनों से बिल्हौर में की मुलाक़ात कर आशीर्वाद लिया



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर कस्बे में अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने एक सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें अटल बिहारी वाजपेई के साथ काम करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में माननीय भाजपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण दिनेश कुशवाहा ने विशिष्ट लोगों को उनके घर पर जाकर सम्मानित किया, जिनमें श्री शिवदुलारे अवस्थी, कौशल किशोर अवस्थी, श्याम दुलारे अवस्थी रिटायर्ड जेलर, डॉ राजेंद्र कटियार, डां रामशरण कटियार, रुण अवस्थी उर्फ बापूजी आदि शामिल थे। इस अवसर पर बिल्हौर नगरपालिका सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी, जिला मंत्री राजू दुबे, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अमरनाथ राजपूत, मंडल अध्यक्ष का ककवन सानू राठौर, सौरभ शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाराबंकी के कैलाश नाथ का लुधियाना में सम्मान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति के प्रधान अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा का बीती रविवार को पंजाब प्रांत के लोधियाना शहर में स्थित मलहोत्रा रेजीडेन्सी में सम्मान हुआ। जिससे जनपदवासियों में खुषी की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार, श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष राजन कपूर की अध्यक्षता में पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर में स्थित मलहोत्रा रेजीडेन्सी में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में श्री अमरनाथ यात्रा में लंगर लगाने वाली सभी कमेटियों की उपस्थिति हुई बैठक में जम्मू कष्मीर के राज्यपाल मनोज सिंन्हा द्वारा सभी को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें श्री अमरनाथ यात्रा में सबसे उँचाई पर केलनार नामक स्थान पर लगने वाले लंगर श्री बर्फानीष्वर महादेव सेवा समिति को राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित प्रसस्ति श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सदस्य के.के. शर्मा के द्वारा पत्र प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व भी जम्मू कश्मीर के राज्यपाल एन.एन. वोरा द्वारा भी मुझे सम्मानित किया जा चुका है। उन्होने बताया कि श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा ऑर्गेनाइजेशन द्वारा श्री अमरनाथ यात्रा 2025 की यात्रा में आने वाले यात्रियों को अच्छी व्यवस्था प्रदार करने के विषय पर विचार विमर्श भी किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष सुनील राठौर, सेवादार अमित कश्यप ने समिति का प्रसस्ति पत्र प्राप्त किया एवं आगमी यात्रा के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी।

### ग्राम प्रधान तारावती पाल ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। हसनगंज। विकास खंड हसनगंज के ग्राम भिखारी खेड़ा में सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना द्वारा आगामी 3 फ़रवरी को आयोजित तेरहवाँ निशुल्क मोतियाबिंद आई कैम्प को सफल बनाने हेतु एक प्रचार वाहन को ग्राम प्रधान सिंघनापुर तारावती पाल ने हरी झंडी दिखाकर ग्राम भिखारी खेड़ा से रवाना किया जो ग्राम नारायणपुर नेवाज खेड़ा ओग्रापुर दिलवल रायपुर गढ़ी बिरसिंघी नाना टिकुर बिचपरी लोखरिहा जनसार महत्वानी अजगैन नया खेड़ा अमरामऊ भौली बगहरी आदि ग्रामों में प्रचार करते और प्रचार साहित्य वितरित करते हुए अंत में प्रचार वाहन ग्राम करसेमऊ पहुँचा। जहां प्रचार वाहन पर स्वैच्छिक सेवा दे रहे बदलू खाँ विशाल पाल आशू गुड्डू रावत शैलेंद्र मौर्य को रोली अक्षत लगाकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ने उत्साहवर्धन किया। प्रचार वाहन रवाना के समय उद्दव बिंदा पाल भैयालाल सुरेश नीरज बिटोला कलावती गुड़िया कुंती पाल कृष्णावती धरम पाल हरीराम रावत मनोज पाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।



### गांधी भजन से शुरू होगा तीन दिवसीय गांधी स्मृति कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77वें बलिदान दिवस पर गांधी भवन में आगामी 30 जनवरी से 01 फरवरी तक तीन दिवसीय समसामायिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके अर्न्तगत 30 जनवरी को प्रातः 8 बजे से गांधी भजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 09 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 11 बजे मौन रखा जाएगा तदोपरान्त सर्वधर्म प्रार्थना सभा और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, रामनगर विधायक एवं पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई समेत कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। अपराहन 3 बजे बंकी स्थित खेल मैदान में हॉकी टूर्नामेंट की शुरूआत होगी। सायंकाल 5:30 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी पर दीपदान किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक एवं गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने बताया कि गांधी स्मृति दिवस के दूसरे दिन 31 जनवरी को बच्चों की चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। अपराहन 3 बजे हॉकी टूर्नामेंट का समापन होगा। वहीं अगले दिन 01 फरवरी को अपराहन 01:30 बजे गांधी भवन में गांधी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शामिल होंगे। सभा की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप करेगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उ.प्र. अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन चन्द तिवारी, विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, देवा शरीफ वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासिक रफीक वारसी, वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय समेत अन्य प्रबुद्धजन, अधिवक्ता, चिकित्सक और पत्रकार हिस्सा लेंगे।

## तेज रफ्तार मिट्टी लदे डंपर की टक्कर से श्रमिक की दर्दनाक मौत



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। मिट्टी लदे डंपर ने सड़क पार कर रहे मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने यातायात बाधित कर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझाबुझा कर जाम खुलवाया और डंपर को कब्जे से लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ओगरापुर गांव निवासी कमलेश (35) पुत्र स्व सुंदरलाल मूक एवं श्रवण बधिर था। जोकि ट्रक से मौरंग व गिट्टी उतारने का काम करता था। मंगलवार को सुबह वह मजदूरी कर साइकिल से घर वापस लौट रहा था। दरेहटा चौपई मार्ग के मखदुमपुर गांव के पास सामान खरीदने के लिए वह सड़क पार कर रहा था। इस दौरान मिट्टी लादकर आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़ मौके से फरार हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए सड़क पर जाम लगा हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत कराया।

एसओ शरद कुमार ने बताया कि मौके से डंपर को कब्जे में लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

मृतक का विवाह 8 वर्ष पूर्व हुआ था लेकिन पत्नी उसे छोड़ गई थी। मृतक तीन भाइयों शैलेश व धर्मेंद्र से दूसरे नम्बर पर था। मां रामकली का रोरोकर बुरा हाल है।

## मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन का भ्रमण 25 लाख की लागत से स्टेडियम बनेगा





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन ब्लॉक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने मैंदो ग्राम पंचायत में बन रहे मिनी स्टेडियम का भूमि पूजन किया। यह मिनी स्टेडियम लगभग 25 लाख रुपये की लागत से मनरेगा निधि से बनाया जा रहा है। इस मौके पर विकास विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। सीडीओ दीक्षा जैन ने रहीमपुर विषधन के कई प्रमुख स्थानों का भी निरीक्षण किया, जिनमें गौशाला भी शामिल रही। उन्होंने गौशाला में व्यवस्थाओं को लेकर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को फटकार लगाई। इसके अलावा, उन्होंने आरआरसी सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण कर कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कई समस्याओं का सामना किया। जिनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की अनुपस्थिति और माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति शामिल थी। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत, पशु शिक्षा अधिकारी नीरज पटेल, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश कुमार, पीओ शिशिर कुमार, टी.ए.सत्येंद्र कटियार, ग्राम प्रधान मैदो अनुज गुप्ता और हरिप्रसाद राठौर मौजूद रहे।

### वित्तीय अधिकारी सीज फिर भी मिड डे मिल वितरण

निरीक्षण के दौरान लगभग डेढ़ साल से विद्यालय के शिक्षक शैलेंद्र यादव द्वारा चार्ज प्रधानाचार्य चार्ज लिए जाने का भी मामला प्रकाश में आया जिसको लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालय में प्रधानाचार्य शबनम बेगम गंभीर बीमारी से पीड़ित है और लगभग डेढ़ साल से वह विद्यालय नहीं आ रही है इसके अतिरिक्त विद्यालय में दो अन्य शिक्षक भी तैनात है लेकिन दोनों शिक्षकों द्वारा प्रधानाचार्य का चार्ज नहीं लिया गया जिसके चलते विद्यालय के तमाम वित्तीय अधिकार चीज है। ग्राम प्रधान ने मिड डे मील की भुगतान न होने की भी शिकायत की पूरे मामले में सीडीओ के द्वारा उच्च अधिकारियों संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

## गौतस्करों और पुलिस में हुई मुठभेड़, एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पंकज यादव



सफीपुर। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गौतस्करी के के लिए जा रहे ट्रक को दबोच लिया। कार्यवाही के दौरान ट्रक ने पीआरवी वैन को रौदने की कोशिश करते हुए भागने का प्रयास किया और पुलिस की टीम पर फायरिंग भी की जिसमे पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए। जिसके बाद कोतवाल श्याम नारायण की तत्परता से ट्रक को बांगरमऊ थाना क्षेत्र में पकड़ ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अन्य तीन से चार आरोपी मौके से फरार हो गए।सफीपुर कोतवाली में पुलिस को रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि गौवंशो से भरा ट्रक उन्नाव हरदोई मार्ग से होते हुए बांगरमऊ की ओर जायेगा। सूचना मिलते ही सफीपुर कोतवाल प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने पीआरवी पुलिस को सक्रिय कर दिया। चेकिंग के दौरान जब संदिग्ध ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया तब चालक ने पुलिस गाड़ी को टक्कर मारकर भागने की कोशिश की। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया।इस दौरान तस्करो ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। लेकिन पुलिस टीम ने साहस का परिचय देते हुए ट्रक का बांगरमऊ थाना में रोक लिया। ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि ट्रक में भरे गौवंश को मुक्त करा लिया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछतांछ में जुटी है। जिससे अन्य तस्करो को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सके।

## अज्ञात व्यक्ति ने कपड़े के शो रूम में ग्राहक के साथ की टप्पे बाजी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक कपड़े के शोरूम में युवक से टप्पेबाजी की घटना हुई। पीड़ित ने घटना की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गायत्री नगर भातु फॉर्म निवासी विक्रम सिंह और अनुराग अवस्थी ने आरोप लगाया कि सोमवार को वे राजधानी मार्ग स्थित कैंटावेल में खरीदारी के लिए पहुंचे। कपड़े पसंद करने के बाद, उन्होंने 4000 रुपये का भुगतान कैश के जरिए किया। लेकिन भुगतान के बाद काउंटर पर मौजूद महिला और अन्य स्टाफ ने पैसे नहीं लेने की बात कही और पुनः भुगतान की मांग की।

ग्राहकों का दावा है कि स्टाफ ने जानबूझकर बहस की और ठगी की। घटना के दौरान काउंटर पर बैठी महिला ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया।

पीड़ितों ने स्टाफ पर मिलीभगत और ठगी का आरोप लगाते हुए पुलिस से जांच और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायक सकेंद्र ने दिव्यांगों को दिया पंख, खिले चेहरे



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांग जनों के लिए सहारे का काम कर रही है। दिव्यांग जनों को पेंशन दे रही है और उनको चलने फिरने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरणों को वितरित किया जा रहा है ताकि दिव्यांगजनों को सहारा मिल सके।

उक्त विचार फतेहपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह दौरान में विधायक साकेंद्र वर्मा ने कही। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार केवल दिव्यांग जनों का सहारा ही नहीं बल्कि गरीबों, किसानों, महिलाओं और नौजवानों का भी सहारा बन रही है। आगे कहा कि दिव्यांग जनों में एक विशेष प्रतिभा छिपी होती है वह अपनी इच्छाशक्ति से वह कई बड़े काम कर जाते हैं। योजनाओं का आन लाइन आवेदन कर समस्त योजनाओं का लाभ सीधे प्राप्त कर सकते है। और भाजपा सरकार गरीब लोगो के लिए समर्पित है समाज के ऊपरी तबके तक लाने का प्रयास करेगी। यह ट्राई साइकिल आप लोगों के जीवन को गति प्रदान करेगी। इस दौरान विधायक ने 60 दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, 5 व्हीलचेयर, छह जोड़ी बैसाखी प्रदान की। इस मौके पर बीडीओ संतोष सिंह, सचिव विकास पांडे, विजय सिंह, अभिनय सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## मौनी अमावस्या स्नान को लेकर घाटों पर हुई साफ सफाई, पुलिस ने किए सुरक्षा के विशेष प्रबंध

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर नगर में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर नगर पालिका ने विशेष तैयारियां की हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी ने मिश्रा कॉलोनी से जाजमऊ चंदन घाट तक पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी (ईओ) मुकेश मिश्रा के निर्देश पर गंगा विशुन घाट, शिव पंडा घाट, मोनू घाट, बालूघाट और आनंद घाट सहित अन्य घाटों की सफाई कराई गई। जहा ईओ मुकेश मिश्रा ने स्वयं घाटों का निरीक्षण किया और सफाई कर्मियों को निर्देशित किया। सफाई अभियान के तहत घाटों पर झाड़ू लगाकर कूड़ा एकत्र किया गया, जिसे कूड़ा गाड़ियों के माध्यम से हटाया गया। घाटों के समतलीकरण और चूने के छिड़काव की भी व्यवस्था की गई है। स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर गोताखोरों और नावों की तैनाती की गई है। ईओ ने बताया कि स्नान के लिए महिलाओं के वस्त्र बदलने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। घाटों पर शुद्ध पेयजल और अन्य सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। नगर पालिका द्वारा आगामी मैराथन आयोजन की तैयारियां भी की जा रही हैं। धार्मिक उत्सव और सामाजिक आयोजन के मद्देनजर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। इस मौके पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए नगर पालिका की ओर से की गई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

पत्रांक- 1399 /सा0प्र0 न0पा0प0सी0/2024-25 दिनांक: 24-01-2025

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर | स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0

**नगर पालिका परिषद, सीतापुर अपने नगर निवासियों से 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अपील करती है कि:-**

01 नागरिकों से अपील है कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता, अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाय, सुखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डाले इसी प्रकार नगर पालिका की गाडियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02 आप अपने घर में एक कूड़ेदान में गीला कूडा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय / यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयों का सदैव प्रयोग करें, खुले में शौच तथा पेशाब न करे स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज प्लास्टिक / प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरो को करने दे. पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग / विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुर्माना का प्राविधान है।
05. अपने जानवरों को खुला न छोडे, तथा सडको व सार्वजनिक स्थान पर न बाधे।
06 चाय की बिक्री में काँच के ग्लास व कुल्हड का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07 मागों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर निशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करे।
09 बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाए जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10 जल का दुरुपयोग रोके जाने हेतु नलों की टकी खुली न छोड़ें।

(वैभव त्रिपाठी) अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1 नगर पालिका परिषद सीतापुर

समस्त सभासदगण एव समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर

(नेहा अवस्थी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर


## सेन्ट्रल एकेडमी में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस का पर्व

जन एक्सप्रेस । बस्ती



सेन्ट्रल एकेडमी में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। निदेशक जय प्रकाश तिवारी ने ध्वज फहराने के बाद छात्रों को सम्बोधित करते हुये कहा कि लम्बे संघर्ष, बलिदान के बाद देश आजाद हुआ और 26 जनवरी 1950 को देश ने लिखित संविधान अंगीकार किया। 76 वां गणतंत्र देश के लिये महत्वपूर्ण है। देश कई मोर्चो पर प्रगति की ओर है। अमर सेनानियो के संकल्पो को पूरा करना हम सबका दायित्व है।

प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी, सह निदेशक अनुज तिवारी ने छात्रों को गणतंत्र के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। कहा कि भारतीय गणतंत्र की विकास यात्रा चुनौतियों के बीच निरन्तर जारी है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं वैष्णवी, शिप्रा, नम्रा, मानसी, चांदनी, रौनक, शिवाकान्त, सृष्टि, आदि श्री, खुशी, सचिन, हर्षित दूबे, फरहान, सर्वेश, शाश्वत, श्रेया, तनवी पाल, अलका, आराध्याय, कार्तिक दूबे आदि ने देश भक्ति पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। मुख्य रूप से आबिद अरशद, द्विजेन्द्र, उन्नति, ऋचा, सुधा, साक्षी, दया, निखिल, हिमांशु, सुनीता, अरीबा आदि ने छात्रों को गणतंत्र दिवस के महत्व की जानकारी दिया।

### पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । बस्ती। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पीड़ित परिवार को लेकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है। कॉग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि परिषदीय विद्यालय के एक अध्यापक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर छठीं कक्षा की छात्रा के यौन उत्पीड़न मामले में पैकोलिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन अभी भी मामले में पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस पीड़ित परिवार पर ही मामले पर सुला समझौते का दवा बन रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांक :- 408/सा0लि0 दिनांक:- 25.01.2025

**76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद लहरपुर अपने नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है।**

**अपील एवं उपलब्धियां**

01. प्रतिबंधित सिन्गल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिन्गल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। सिन्गल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व विक्रय करते पाये जाने पर आपके विरूद्ध रू0 25,000/-तक का जुर्माना हो सकता है।
02. सार्वजनिक स्थानों पर कटे फल, खुले में चाट पकोड़े आदि बनाना व बेचना प्रतिबन्धित है।
03. सार्वजनिक स्थलों पर थूकना, पेशाब करना दण्डनीय अपराध है।
04. आपसे निवेदन है कि आप अपने घर में एक कूड़ेदान नीला सूखा कूड़े के लिए व एक हरा कूड़ेदान गीले कूड़े के लिए अवश्य रखें।
05. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुंच रहे हैं, कृपया अपना कूड़ा अलग-अलग कर उन्हें दें, सड़क या नाली में न फेकें।
06. सभी पशुपालकों से निवेदन है कि अपने पालतु जानवरों को चिन्हित करके रखें। उन्हें आवारा न घूमने दें। ऐसा करने पर जुर्माना किया जायेगा।
07. नगर पालिका परिषद लहरपुर के अन्तर्गत बने सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय समस्त नागरिकों के लिए निःशुल्क खुला रहेगा। कृपया शौचालयों का ही प्रयाग करें।
08. स्वच्छता को अपनी आदत बनायें एवं साफ-सफाई रखकर अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें।
09. खुले में शौच या मूत्र विसर्जन ना करें। घर में बने शौचालय या सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय को ही प्रयोग करें।
10. स्वच्छता ऐप का प्रयाग करें, स्वच्छता सम्बन्धी शिकायत का समाधान पायें।
11. प्रत्येक 3 वर्ष में अपना सेप्टिक टैंक अवश्य खाली करायें। किसी भी प्राईवेट सेप्टिक टैंक आपरेटर से टैंक को खाली न करायें अन्यथा अर्थदण्ड रू0 5000.00 वसूल किया जायेगा।
12. पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनायें।
13. जल ही जीवन है, इसका दुरूपयोग न करें।
14. पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित 18 मिनी पम्प तथा 03 बड़े पम्पों से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।
15. लहरपुर बिसवां गेट पर 100 फिट ऊंचे तिरंगे झण्डे का अधिष्ठापन कार्य कराया गया है।
16. प्रकाश व्यवस्था हेतु पूरे नगर के समस्त पोलों पर तिरंगा रोप लगायी गयी है तथा पूरे नगर में 500 लाईटें 45 वाट व पूरे डिवाइडर रोड पर तितली लाईटें लगायी गयी हैं तथा पूरे नगर में सभी खम्भों पर लाईटों की मरम्मत भी करा दी गयी है।

समस्त सभासद गण नगर पालिका परिषद लहरपुर

(जावेद अहमद) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद लहरपुर

# केजरीवाल छोटी कार से आए, लेकिन शीशमहल में रहेः राहुल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार शाम को दिल्ली के पटपड़गंज में रैली में कहा- अरविंद केजरीवाल जब आए थे, उनके पास छोटी सी गाड़ी थी। आपने केजरीवाल के घर की तस्वीर भी देख ली, वे शीशमहल में रहते हैं। उन्होंने कहा कि बाकी पार्टी वाले मोदी से डरें या न डरें, पता नहीं। लेकिन केजरीवाल जरूर कांप जाते हैं। जब दिल्ली में हिंसा हुई तो केजरीवाल कहीं नहीं दिखे। उन्होंने कहा था साफ राजनीति करूंगा और सबसे बड़ा शराब घोटाला कर दिया। देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ बीजेपी-आरएसएस के लोग हैं, जो देश में नफरत और हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए।

## नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान

पटपड़गंज के वेस्ट विनोद नगर और ओखला के जामिया नगर की चुनावी सभाओं में भाजपा पर वार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ भाजपा व आरएसएस के लोग हैं, जो देश में नफरत और हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए।



## 'हमारी लड़ाई संविधान बचाने की'

राहुल गांधी के मुताबिक, हमारी लड़ाई संविधान बचाने की है। भाजपा ने साफ कहा था कि 400 पार, हम संविधान को बदल देंगे। उनके नेताओं ने कहा कि संविधान को हम बदलेंगे। नई संसद का उद्घाटन होता है तो पीएम मोदी कहते हैं कि राष्ट्रपति उसका उद्घाटन नहीं करेंगी। जबकि इस देश का संविधान सभी को एक समान मानता है। संविधान में लिखा हुआ है कि इस देश में किसी को नहीं डरना चाहिए। इसमें यह भी नहीं लिखा है कि एक ही अरबपति को सारा-सारा काम पकड़ा देना चाहिए। ये लोग एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाना चाहते हैं। ये आपके पैसे को आपकी जेब से निकालकर अरबपतियों को देना चाहते हैं।

### अरबपतियों के हवाले करना चाहते हैं देश का पैसा

राहुल गांधी ने कहा, ये डर फैलाने का लक्ष्य है। ये हिंदुस्तान का धन अरबपतियों के हवाले करना चाहते हैं। ये आपको लड़ाना चाहते हैं। जो आपका धन है, वो आपकी जेब से निकालकर अरबपतियों को देना चाहते हैं। अडानी, पीएम मोदी के खास मित्र हैं। ये करोड़ों रुपये हैं, असल में ये अडानी की कंपनी है, मगर कंट्रोल पीएम मोदी के हाथ में है।

### आरएसएस पर भी चलाए तीर


राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले उन्होंने कहा कि देश को आजादी मोदी के आने के बाद मिली। इसका मतलब मोहन भागवत ने संविधान, आंबेडकर जी का अपमान किया। वो कह रहे हैं जब राम मंदिर का उद्घाटन हुआ तब आजादी मिली। राम मंदिर के उद्घाटन में किसी गरीब आदमी आपको नहीं दिखा होगा। हमारी राष्ट्रपति आदिवासी हैं, उनको वहां नहीं जाने दिया गया। नई पार्लियामेंट का उद्घाटन होता है, मोदी जी कहते हैं वो वहां नहीं जाएंगी। संविधान कहता है कि देश के सब लोग समान हैं।

## शराब घोटाले के आर्किटेक्ट ने छोड़ी सीट

पटपडगंज के कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौधरी के पक्ष में सभा करते हुए राहुल ने कहा इस सीट पर पहले मनीष सिसोदिया आप प्रत्याशी थे। शराब घोटाले के आर्किटेक्ट ने सीट छोड़ दी। उन्होंने कहा कि पटपड़गंज के लोगों ने शराब माफियाओं को भगा दिया और अब नफरत फैलाने वालों को भगाना है। पटपड़गंज में नफरत और मोहब्बत के बीच चुनाव है। मोहब्बत में वो ताकत है कि किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है। मुझे पूरा भरोसा है कि पटपड़गंज में मोहब्बत, कांग्रेस, कांग्रेस की विचारधारा और कांग्रेस के लोग जीतेंगे।


## बीच में रोका भाषण

राहुल गांधी जिस वक्त भाषण दे रहे थे, तभी नजदीकी मस्जिद में अजान की आवाज सुनाई पड़ी। इसी दौरान उन्होंने अपना भाषण रोक दिया।



## तेलंगाना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बच्चों के रात 11 बजे के बाद सिनेमाघर जाने पर रोक



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सुबह 11 बजे से पहले और रात 11 बजे के बाद सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स जाकर फिल्म देखने पर रोक लगाने का फैसला करे। इसके साथ ही कोर्ट ने सरकार की तरफ से कोई फैसला लिए जाने तक 16 साल से कम उम्र के बच्चों के रात 11 बजे के बाद सिनेमाघर जाने पर रोक भी लगा दी। हाईकोर्ट ने यह निर्णय राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा और बाल कल्याण पर व्यापक चर्चा के हिस्से के तौर पर किया। हाईकोर्ट सोमवार को राम चरण अभिनीत फिल्म गेम चेंजर और अन्य की टिकट कीमतों में वृद्धि से संबंधित याचिकाओं पर विचार कर रहा था। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे की जरूरत बताई कि नाबालिगों को देर रात के शो में न जाना पड़े, जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को सिनेमाघरों में बच्चों के प्रवेश को विनियमित करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने और इस मामले में हितधारकों से परामर्श करने का जिम्मा सौंपा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं होती प्रतिवादी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को रात 11 बजे के बाद फिल्म देखने की अनुमति नहीं देंगे।

### याचिकाकर्ता ने दी थी ये दलील

याचिकाकर्ता विजय गोपाल के वकील ने दलील दी कि नाबालिगों को देर रात के दौरान फिल्में देखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।मल्टीप्लेक्स में अंतिम शो रात 1.30 बजे तक चलता है तथा देर रात के शो के दौरान सिनेमाघरों में नाबालिगों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को पिछले वर्ष दिसंबर में संध्या थिएटर में 'पुष्पा-2' के शो के दौरान भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देखते हुए सिनेमाघरों में नाबालिगों के प्रवेश को विनियमित करने के लिए त्वरित निर्णय लेना चाहिए। भगदड़ में एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी मां की मृत्यु हो गई थी।

## जीएसटी अधीक्षक के घर में चोरी

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

पुलिस कमिश्नरेट के ट्रांस हिंडन जोन की इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने जीएसटी की महिला अधीक्षक के घर को ही निशाना बना डाला है । चोरों ने सिर्फ चोरी ही नहीं किया बल्कि कीमती सामान की तलाश में घर में खुदाई तक कर कुछ ख़ास क़ीमती समान के लिए खुदाई किया । वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोरों ने घर में रखे लैपटॉप और टेबलेट के अलावा चांदी का सामान सहित म्यूजिक सिस्टम समेत बहुमूल्य समान लेकर चंपत हो गये ।

वसुंधरा के सेक्टर-एक भवन संख्या 195 में जीएसटी एवं सीमा शुल्क विभाग की अधीक्षक ममता राणा निवास करती है । उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वे घर पर ताला लगाकर बाहर गई थीं। काफी समय बाद लौटीं तो देखा कि घर का मुख्य गेट तो जस का तस है, मगर घर के भीतर सामान इधर-उधर फैला है। घर में रखा लेपटॉप, टेबलेट, चांदी का सामान, म्यूजिक सिस्टम, कैमरा गायब है। जबकि बाथरूम की टोंटियां तक गायब हैं। जीएसटी अधीक्षक की दो बाइकों की चाभियां भी नहीं थीं। यही नहीं घर में रखा उनका पासपोर्ट, बैंकों से संबंधित दस्तावेज भी नही हैं। जीएसटी अधीक्षक ने इस संबंध में इंदिरापुरम कोतवाली में एफआईआर कराई।

दर्ज कराई गई एफआईआर में जिक्र किया गया है कि चोरों ने घर में बने एक गटर पर लगी टाइल्स को हटाकर वहां खुदाई की है। जिससे महिला अधिकारी को इस बात की भी आशंका है कि चोर कुछ खास तलाश रहे थे।

## गोवा और बेंगलुरु हवाई मार्ग से जुड़ेगा गाजियाबाद



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग की मेहनत रंग लायी है । सांसद के अथक प्रयास से अब हिंडन एयर पोर्ट से 1 मार्च 2025 से गोवा और बेंगलूरु की उड़ान आरंभ हो जायेगा। इसकी सूचना खुद सांसद ने जारी ऑफ में कहा है। गोवा और बेंगलुरु की उड़ान आरंभ होने से जहां दिल्ली एयर पोर्ट पर भीड़ कम होगी तो दूसरी तरफ़ ग़ाज़ियाबाद और आसपास रहने वाले हज़ारों नागरिकों की दोनों जगहों की यात्रा करना आसान हो जाएगा। ज्ञात हो कि जीएमआर द्वारा अपनी याचिका वापस लेने के बाद हिंडन एयर पोर्ट से उड़ान को लेकर गतिरोध पर विराम लग गया है ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)



### एक हफ्ते बाद भी क्रॉल से बाहर नहीं आया...

शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में 20 जनवरी को सीएम योगी ने पीलीभीत से आए बाघ, बहराइच से आए भेड़िए और हाथी गंगा प्रसाद को बाड़ में छोड़ा था... शेष पेज 14 पर...

# कबाड़ी के घर में हुआ विस्फोट, व्यक्ति के उड़े चीथड़े, बड़ा हादसा होने से टला





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में मंगलवार को एक कबाड़ी के घर में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना विकराल था कि कबाड़ का काम करने वाले व्यक्ति के चीथड़े उड़ गए। पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम और बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलवाया गया।

रेल बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि फेथफुल गंज गोरा कब्रिस्तान के रहने वाले मोहम्मद रऊफ उम्र 65 वर्ष कबाड़ का काम करता था। मंगलवार की सुबह घर में अचानक तेज विस्फोट हुआ। मोहल्ले के लोगों ने दौड़ कर देखा तो उसका क्षत विक्षत शव पढ़ा हुआ था। घर में पांच बेटे वारिस, जाहिद, शाहिद, राशिद, और साकिर के साथ ही बेटी साहिल भी रहती है। घर के ही अगले हिस्से में कबाड़ का काम करते हैं। बेटे राशिद ने बताया कि फतेहपुर बाकरगंज चौराहा कबाड़ी मार्केट में रहने वाली बड़ी बहन साइका के बेटा हुआ है।



उसी के एक कार्यक्रम में पूरा परिवार फतेहपुर गया हुआ था। घर पर सिर्फ अब्दुल रऊफ और उसकी बहू शाहिद और बहन साहिल घर पर थी। पिता रोज की तरह घर के बाहर कबाड़ का काम तोड़फोड़ करके लोहा प्लास्टिक अलग-अलग कर रहे थे। इस दौरान इतनी तेज धमाका हुआ कि अब्दुल रऊफ के चीथड़े उड़ गए। पूरा शव क्षत-विक्षत होने के साथ ही बाहर से उड़ कर घर के भीतर पहुंच गया। वही धमाका इतनी तेज था कि घर की दीवार टूट गई। दरवाजा उखड़ गया और बिजली का मीटर टूटने के साथ ही 100 मीटर के दायरे के सभी घरों के कांच टूट गए और पड़ोसियों के घरों के दीवारों पर धमाके के निशान मौजूद हैं।

### बड़ा हादसा होने से टल गया

डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि विस्फोट के दौरान सिर्फ कबाड़ का काम करने वाले रऊफ ही अपने घर के बाहर मौजूद थे। इस दौरान उनके परिवार और मोहल्ले का कोई भी व्यक्ति बाहर नहीं था। अगर घर परिवार या मोहल्ले का कोई भी व्यक्ति या बच्चा बाहर होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना में कई लोगों की जान जा सकती थी। इसके चलते पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है।

### पड़ोसी महिला भी हुई गंभीर रूप से घायल

मोहल्ले में रहने वाली अलीजान ने बताया कि मुझे पत्नी ने फोन करके बताया कि मोहल्ले में विस्फोट होने के चलते वह भी घायल हो गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही मैं ड्यूटी से घर वापस लौट आया। पत्नी का प्राथमिक इलाज करने के बाद घर पर आया हूं। वही पत्नी रुबीना ने बताया कि इतना भयानक विस्फोट था कि बहुत डर गए थे। कुछ समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। दहशत की वजह से घर छोड़कर भाग निकले थे।

# बारात में नाच रही घोड़े ने 6 साल के मासूम को मारी लात, मौत





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बारात में घोड़ी ने 6 साल के मासूम बच्चे को लात मार दी। सर पर गंभीर चोट लगने से बच्चों की मौत हो गई। बारात निकलने से पहले दूल्हा मंदिर में दर्शन करने गया था। मंदिर से बाहर घोड़ी सकरी गली में बैंड बाजे पर नाच रही थी। तभी बगल से बच्चा गुजर और घोड़ी ने उसे लात मार दी। बच्चा घर की सीधी से जाकर टकरा गया। सर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घर वाले उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की सुबह बच्चे का अंतिम संस्कार किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। फिलहाल परिवार की तहरीर से थाने में शिकायत नहीं की गई है। इस वजह से पुलिस कार्रवाई से बच रही है।

सूत्रों के मुताबिक हनुमंत विहार ठाकुर चौराहा के रहने वाले सुरेश चंद्र गुप्ता ई रिक्शा चालक है। सुरेश ने बताया कि रविवार को इलाके में रहने वाले एक वाजपेई परिवार में शादी थी। उनके बेटे की बारात जाने से पहले मेरे घर के पास मंदिर में दूल्हा घोड़ी पर बैठकर परिवार के साथ पूजा करने आया था। इस दौरान मेरा अच्छा साल का बेटा कृष्णा मंदिर के पास से गुजर रहा था। इस दौरान घोड़े ने पीछे से गुजर रहे कृष्णा को लात मार दी। इससे कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले व परिवार के लोग पहले निजी अस्पताल में इलाज करने के लिए ले गए। जहां पर हालत गंभीर होने के चलते साकेत नगर के एक निजी अस्पताल और फिर वहां से रीजेंसी गोविंद नगर और फिर सर्वोदय नगर रीजेंसी रेफर किया गया। सोमवार दोपहर को बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलती ही हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय सिंह मौके पर पहुंचे।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पूरा मामला सामने आया। बच्चों के पिता सुरेश चंद्र ने किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया है। वहीं घटना में बच्चों की मौत के बाद मां स्वाति गुप्ता का रो रो कर बुरा हाल है। उसने कहा शादी के 12 साल बाद फूल सी औलाद देखकर मुझे क्यों छीन ली। स्वाति गुप्ता बार-बार यही कहते हुए अजीत हो जा रही थी।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र, नाना राव पार्क, व बिठूर घाट का किया निरीक्षण





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** बीते दिन मंगलवार को जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बिठूर के निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र, बिठूर नाना राव पार्क, एवं सुप्रसिद्ध ब्रह्मावर्त घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने सबसे पहले बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट का निरीक्षण किया। घाट पर पहुंच कर उन्होंने मौनी अमावस्या के दिन घाटों पर आने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो, श्रद्धालु आराम से स्नान कर सके। उनकी सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वहां पर मौजूद अधिकारियों को सत्य निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि बिठूर जो के ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है। इस स्थान के महत्व को ध्यान में रखते हुए बिठूर को और कैसे अधिक विकसित किया जा सके इस विषय पर चर्चा की। बिठूर निरीक्षण करने का उद्देश्य यह है कि बिठूर को जो महत्व है इसको ध्यान में रखते हुए इसे टूरिज्म के मैप से जोड़ा जाए। आगामी 23 मार्च को बिठूर महोत्सव होना है इस महोत्सव के माध्यम से भी हम सभी का यह प्रयास होगा कि बिठूर को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ा जा सके।बिठूर नाना राव पार्क पहुंचकर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके बाद उन्होंने बिठूर में निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र का जायजा लेकर उसे जल्द से जल्द चालू किए जाने से संबंध प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## सीटीआई नाले में मिला बुजुर्ग का शव, बेटा बोला– 16 दिनों से थे लापता, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में गोविंदनगर थाना क्षेत्र में सीटीआई नाले में बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की शिनाख्त लालमन वर्मा (58) के रूप में हुई है। मृतक के बेटे पंकज ने बताया कि पिताजी 12 जनवरी से लापता थे। आज नाले में शव मिलने से सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दहेज के लोभी ससुराल वालों ने 3 लाख के लिए महिला की नस काटी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राय पुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दहेज के लोभी ससुराल वालों ने दहेज के लिए महिला के बाएं हाथ की नस काट दी। पीड़िता खुद अपना इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंची। उसने पति वह अन्य ससुराल वालों पर ?3 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने रायपुरवा थाने में तहरीर देकर पति समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। पुलिस के मुताबिक मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक भैरव घाट रोड की रहने वाली प्रियंका के मुताबिक 30 जुलाई 2020 को शक्कर मिल खलवा रायपुर बाग के रहने वाले आकाश उर्फ राजा के साथ उसका विवाह हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद ही ससुराल के लोगों का व्यवहार बदलने लगा। पीड़िता से बात-बात पर झगड़ा शुरू हो गए। दहेज की मांग करना शुरू कर दिया। ससुराल वालों ने ?3 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए कहा कि न मिलने पर इसी तरह का गलत व्यवहार होता रहेगा। पीड़िता के मुताबिक उसने ससुराल वालों को बहुत समझाने का प्रयास किया। यह भी बताया कि पिता ने कर्ज लेकर शादी की थी, मगर ससुराल वाले मानने को तैयार नहीं थे। पीड़िता के मुताबिक इसी दौरान शादी के बाद उसने एक बेटे को जन्म दिया। पीड़िता का कहना है कि पति शराब पीकर मारता था और बाकी ससुराल वाले उसकी इस हरकत में उसका सहयोग करते थे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर हाथ की नस काटी

पीड़िता के मुताबिक 18 जनवरी 2025 को पति और ससुराल वालों ने उसे बेरहमी से पीटा और चाकू से बाएं हाथ की नस काट दी। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। सुबह जब होश आया तो वह खुद डॉक्टर के यहां दिखाने पहुंची। जहां पर उसके हाथ में आठ टांके आए। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे 5 दिनों तक घर में बंद रखा। घर से बाहर निकलने नहीं दिया। जब परिवार वालों ने हस्ताक्षेप किया तब पीड़िता ससुराल से बचकर निकल सकी। मामले में इंस्पेक्टर राय पुरवा संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जनसुनवाई के दौरान डीएम साहब ने लेखपाल को लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कानपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जाजमऊ के रहने वाले एक व्यक्ति ने दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जे की शिकायत की। लेखपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद जिलाधिकारी महोदय ने लेखपाल को जमकर फटकार लगाई। सूत्रों के मुताबिक जनसुनवाई के दौरान जाजमऊ की तिवारीपुर के मिजाजी लाल ने दबंगों द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत डीएम से की। मिजाजीलाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी सदर की कोर्ट ने संबंधित लेखपाल अर्पित कटिहार से आराजियों के संबंध में निरीक्षण कर मौके पर कब्जा हुआ काबिज व्यक्तियों का डाटा 12 दिसंबर से पहले पेश करना था। लेकिन लेखपाल ने अभी तक न्यायालय आख्या उपलब्ध नहीं करायी। पीड़ित का कहना है कि लेखपाल उसे कई माह से दौड़ा रहे हैं। इतना ही नहीं न्यायालय के आदेश को भी नहीं मान रहे हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्ति की। उप जिलाधिकारी सदर ने मंगलवार को ही आख्या ना उपलब्ध कराए जाने पर संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# घर के चिराग ने ही घर में चोरी की घटना को दे डाला अंजाम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** शहर में कांस्टेबल के भाई के घर में हुई चोरी का बिठूर पुलिस ने चंद घंटे में ही खुलासा कर दिया। कांस्टेबल के भतीजे ने दरोगा गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के चक्कर में अपने ही घर से जेवरात और कैश समेत 5 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। इसके बाद खुद ही पुलिस को सूचना दी और जांच करने पुलिस कर्मियों पर रौब जमा रहा था कि दिनदहाड़े घर में चोरी हो गई और आप लोग कुछ नहीं कर पा रहे हैं। उसने जांच करने पहुंचे पुलिसकर्मियों से यह तक कह दिया कि मैं मामले को लेकर पुलिस कमिश्नर से शिकायत करूंगा कि पुलिस सक्रिय नहीं है। पुलिस में जान शुरू की तो सामने आया कि जिनके घर में चोरी हुई है उनके बेटे ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मंगलवार को खुलासा करते हुए वादी के बेटे आयुष दोहरे को अरेस्ट करके जेल भेज दिया। मामले में एडीसीपी




वेस्ट विजेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि बिठूर के मंधाना बगदौधी बांगर के रहने वाले बृजेश कुमार दोहरे के घर पर 80 हजार कैश, और करीब चार लाख के जेवर चोरी हुए थे। मामले की जांच की तो सामने आया कि वादी बृजेश का बेटा आयुष दोहरी संदिग्ध पाया गया। पुलिस ने आयुष को हिरासत में लेकर शक्ति से पूछताछ शुरू की तो पहले तो गुमराह करता रहा लेकिन पुलिस ने शक्ति की तो वह टूट गया। आयुष ने बताया कि मैं अपने गांव कन्नौज के रहने वाली हमीरपुर में तैनात 2023 बैच की दरोगा से प्रेम करता हूं। उसे इंप्रेस करने के चक्कर में यूपीआई से लाखों रुपए ट्रांजैक्शन किया, उससे जब भी मिलता तो महंगे रेस्टोरेंट में पार्टी करता था। ब्रांडेड कपड़े गिफ्ट करने के चक्कर में लाखों रुपए के कर्ज में डूब गया था। सट्टा खेल कर रुपए रिकवर करने की कोशिश की तो उसमें भी मोटी रकम हार गया। इसके बाद कुछ समझ नहीं आ रहा था कि नजदीकियों और दोस्तों का कर्ज कैसे चुकाऊं। इस वजह से अपने ही घर में चोरी का प्लान बनाया था। चोरी वाले दिन सोमवार को मौका पाकर जब मेरी मम्मी सुमन दोहरे तथा बहन आयुषी दोहरे वह भाई ऋषि दोहरे छठ के ऊपर धूप ले रहे थे। इसी दौरान मेरे चाचा धर्मेंद्र दोहरे बाहर से घर के अंदर हो गए थे। इस समय मैं दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने के बहाने मम्मी से बात कर छत से नीचे आकर मौका पाकर कमरे के अंदर रखी अलमारी के बगल राखी चाबी से अलमारी खोलकर लॉकर खोला और उसमें रखे मम्मी व बहन के सोने चांदी के गहनों व नकदी रुपया 18580 चोरी कर लिया। इसके बाद बाथरूम के छठ के ऊपर पॉलिथीन में रखकर छुपा दिया कि मौका पाकर इसे किसी सुंदर के हाथ बेचकर कर्ज अदा कर देंगे और परिवार के किसी व्यक्ति को संदेह नहीं होगा। इसीलिए मैंने ही पुलिस को कॉल करके बुलाया था और बार-बार कार्यवाही करने के बाद कहकर पुलिस पर दबाव बना रहा था। इससे की मेरे ऊपर कोई संदेह नहीं कर सके। लेकिन पुलिस को आयुष दोहरे की हरकतों से संदेह हो गया और उसे रडार पर लेकर जांच पड़ताल शुरू की तो मैच कुछ ही घंटे के भीतर ही चोरी का खुलासा हो गया। आयुष को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। यह भी बताया जा रहा है कि बृजेश का छोटा भाई धर्मेंद्र दोहरे सिपाही है जो शहर में एक अधिकारी के आवास पर तैनात है। जबकि बृजेश कन्नौज स्थित पैतृक गांव की खेती बाड़ी करते हैं।

## श्रद्धालुओं को महाकुंभ जाने के लिए झकरकटी बस अड्डे से हर 15 मिनट पर मिली बस

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्रद्धालुओं को महाकुंभ ले जाने के लिए रोडवेज की बसें शनिवार रात से मंगलवार तक लगातार दौड़ती रहीं। बीते 24 घंटों में रोडवेज बसों से प्रयागराज रूट पर करीब 1.25 लाख यात्री रवाना हुए। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए झकरकटी पर अन्य रूटों से अतिरिक्त बसें बुलवाकर खड़ी की गई हैं।

रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि महाकुंभ के लिए जोन से 500 बसें भेजी गई हैं। शनिवार रात से ही बसें प्रयागराज रूट के यात्रियों को लेकर रवाना होने लगी थीं। मंगलवार रात से प्रत्येक 15 मिनट में प्रयागराज रूट के लिए बस उपलब्ध कराई जा रही है। एआरएम सुनीत अग्रवाल ने बताया कि मौनी अमावस्या पर रात में और अधिक यात्रियों के झकरकटी बस अड्डे पहुंचने की संभावना के चलते उरई, झांसी और बांदा आदि रूटों से बसें मंगवाकर बस अड्डे पर खड़ी कराई गई हैं।

यहां से यात्रियों को प्रत्येक दस मिनट में प्रयागराज की बसें उपलब्ध कराने का प्रयास है। यदि भीड़ उमड़ती है तो अन्य रूटों से बसें मंगवाकर यात्रियों को प्रयागराज भेजा जाएगा। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की व्यवस्था के लिए विभिन्न रूटों से बसें मंगवारकर प्रयागराज भेजी जा रही हैं। इसके जिसके आगरा-दिल्ली, मेरठ, झांसी, उरई और बांदा आदि रूटों के यात्रियों को कुछ इंतजार करना पड़ा।

### वाणिज्य और सुरक्षाबलों की अलग-अलग क्यूआरटी

स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए वाणिज्य विभाग और जीआरपी, आरपीएफ की क्यूआरटी तैनात हैं। वाणिज्य विभाग की टीमें प्लेटफार्म पर तैनात होंगी। यात्रियों की भीड़ जिस रूट के लिए होगी, उसका इनपुट टीमें कंट्रोल रूम को देंगी। यहां से तत्काल स्पेशल ट्रेन चलाकर यात्रियों को रवाना किया जाएगा। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर या किसी आकस्मिक स्थिति पर सुरक्षा बलों की क्यूआरटी कंट्रोल रूम पर मैसेज भेजकर अतिरिक्त फोर्स मंगा सकेगी।

### यात्रियों की सुरक्षा को 600 जवान तैनात

जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या को लेकर स्टेशन पर भीड़ उमड़ने का अनुमान पहले ही था। इसके चलते लगभग 600 जवान तीन शिफ्ट में ड्यूटी पर लगाए गए हैं। इनमें जीआरपी, आरपीएफ के अलावा एक कंपनी पीएसी भी शामिल है। स्टेशन पर प्लेटफार्म एक से पांच तक को प्रयागराज जाने वाली और वहां से आने वाली ट्रेनों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इन प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं।

### स्टेशन पर प्राथमिक चिकित्सा के इंतजाम

महाकुंभ पर ट्रेनों में जमकर भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में यात्रियों की तबीयत बिगड़ना स्वाभाविक है। हालांकि रेलवे ने स्थिति को भांपते हुए स्टेशन पर ही प्राथमिक चिकित्सा के इंतजाम कर रखे हैं। स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी ने बताया गणतंत्र दिवस पर एक यात्री की तबीयत प्लेटफॉर्म पर ही बिगड़ गई थी। उसके बाद से ही नियमित रूप से एक मेडिकल टीम स्टेशन पर तैनात की गई है।

कहीं किसी यात्री को दिक्कत होती है तो वह प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ पहुंच कर प्राथमिक इलाज ले सकता है। यदि यात्री खुद पहुंचने में असमर्थ है तो रेलवे की गोल्फ कार उसे मेडिकल टीम के पास पहुंचाएंगी। जरूरत पड़ती है तो डॉक्टर खुद यात्री के पास पहुंचेंगे। क्यूआरटी टीमों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

## दंपती को पीटने के आरोपी स्कूल संचालक मां–बेटा भेजे गए जेल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कर्नलगंज के आर्यनगर स्थित एक निजी स्कूल में फीस वृद्धि का विरोध करने पर दंपती को पीटने के आरोपी विद्यालय संचालिका और बेटे को पुलिस ने जेल भेज दिया। पीड़ित दंपती बुजुर्गों को जवान बनाने का झांसा देकर करोड़ों के ठगी करने के आरोपी हैं। दोनों के खिलाफ किदवईनगर थाने में मामला दर्ज है।



आर्यनगर में यूरो किड्स स्कूल को अंजना साइमन और उनका बेटा अंकित साइमन संचालित करते है। स्वरूपनगर निवासी कारोबारी राजीव दुबे और उनकी पत्नी रश्मी का बेटा विद्यालय में एलकेजी में पढ़ता है। विद्यालय ने बीच सत्र में ही उनके बच्चे की फीस में वृद्धि कर दी। सोमवार को वह इसका विरोध करने स्कूल पहुंचे। आरोप है कि विरोध करने पर विद्यालय संचालिका अंजना साइमन और उनके बेटे अंकित ने हमला कर दिया। पति के सिर में चोट लगने से वह लहूलुहान हो गए थे। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित दंपती ने विद्यालय संचालक मां-बेटे पर मारपीट, धमकी, छेड़खानी समेत अन्य गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों को धारा 151 के तहत 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## महिला का फंदे पर लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** इटावा फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कोकपुरा में विवाहिता का फंदे पर शव लटका मिला। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। कोकपुरा निवासी महिला का शव फंदे पर लटका मिला। सास लाली के घर पहुंचने पर उसे शव लटका देखा तो पड़ोससों की मद्द से नीचे उतारकर अस्पताल ले गईं, जहां चिकित्सकों ने मलिका को मृत घोषित कर दिया। मलिका के पिता शिव गोपाल निवासी औरैया जिले के नारायनपुर ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। कहा कि बेटी की मौत के बाद भी उन्हें सूचना नहीं दी गई। पड़ोसियों से उन्हें बेटी की मौत की जानकारी मिली। थाना प्रभारी, फॉरेंसिक टीम और सीओ सिटी मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक यशवंत ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मायके पक्ष की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। ससुरालियों से पूछताछ की जा रही है।

# अधिवक्ता के दो साल के बेटे को बताया दुष्कर्मी..., व्हाट्सएप पर किया काम

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की गई, अधिवक्ता के दो साल के बेटे को दुष्कर्मी बताकर वसूली का प्रयास किया गया। अधिवक्ता और जालसाज के बीच आठ मिनट की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। गोरखपुर के दीवानी कचहरी के एक अधिवक्ता को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की। जालसाज ने अधिवक्ता को व्हाट्सएप कॉल कर कहा कि उनके बेटे को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे बचाना चाहते हो तो 80 हजार भेजो। हालांकि अधिवक्ता ने जब यह कहा कि उनका बेटा दो साल का है तो जालसाज की बोलती बंद हो गई।

जालसाज ने गाली गलौज करते हुए फोन काट दिया। अधिवक्ता और जालसाज के बीच आठ मिनट की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कैंपियरगंज के



मूल निवासी कुश कुमार सिंह शहर के घोष कंपनी में रहते हैं और दीवानी कचहरी में प्रैक्टिस करते हैं।

अधिवक्ता ने अमर उजाला को बताया कि 24 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे मेरे पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपका बेटा दुष्कर्म के मामले में फंस गया है। यह बात सुनकर मैं समझ गया कि फोन करने वाला कोई जालसाज है, क्योंकि मेरा बेटा अभी दो साल का ही है। तब मैंने यह देखने के लिए कि वे किस हद तक जाते हैं, मैंने उससे बेटे से बात कराने को कहा।

इस बीच दूसरी तरफ से किसी की पिटाई करने और रोने की आवाज आने लगी। इसके बाद कॉल करने वाले ने खुद को एसएचओ रवि चौहान बताते हुए कहा कि अपने बेटे को छुड़ाना है, उसका भविष्य बचाना है तो अभी मेरे साथ सात-आठ कांस्टेबल हैं, इनका खर्चा-पानी देना पड़ेगा। आपके बेटे को सुरक्षित छोड़ दूंगा।

इस पर मैंने कहा कि जहां कहें वहां आ जाता हूं, बैठकर बात हो जाएगी। इस पर जालसाज ने कहा कि आने और मिलने के लिए समय चाहिए। इतना समय हमारे पास नहीं है। कमिश्नर साहब कह रहे हैं कि लड़के को लेकर मेरे पास ले आओ। जल्द से जल्द आपको 80 हजार रुपये भेजने होंगे।

कुश ने बताया कि खुद को एसएचओ कहने वाले व्यक्ति ने मुझसे पूछा कि गूगल पे या फोन पे आप इस्तेमाल करते हैं? यह कहकर एक एक नंबर मुझे नोट कराया और उसपर रुपये भेजने के लिए बोला। मैंने कहा कि ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है, नेटवर्क में कुछ परेशानी है, ऑनलाइन पेमेंट नहीं हो पाएगा।

कहां मिलेंगे आप, वहीं आकर मैं कैश रुपये दे देता हूं। इसके लिए वह नहीं राजी हुआ और इधर-उधर की बातें करके मुझे डराने लगा। कुछ देर के बाद जब मैंने उससे कहा कि मेरे बेटे की उम्र दो साल है और वह मेरे पास है। तब झल्लाकर जालसाज ने गाली गलौज करते हुए फोन काट दिया। उन्होंने कहा कि मैंने जानबूझकर जालसाजों को परेशान किया, ताकि उन्हें सबक मिल सके।

एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल ने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सोशल मीडिया और अखबारों में भी ऐसी खबरें लगातार सामने आ रही हैं। हैरानी है कि इसके बाद भी लोग डरकर जालसाजों के चंगुल में फंस रहे हैं।

## मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** टाफी खरीदने गई छह साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर एक व्यक्ति द्वारा खेत में स्थित झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले में पीड़ित परिजन ले तहरीर पर ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र एक गांव में रहने वाली छह साल की मासूम बच्ची टाफी खरीदने गई। इसी दौरान एक व्यक्ति ने लड़की को बहला फुसलाकर कर गांव के पास खेत में बनी अस्थाई झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़ित बच्ची घर पहुंच आप बीती अपने परिजनों को सुनाया तो मासूम बच्ची परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। गांव के लोगो ने बताया कि आरोपी का आचरण खराब होने के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके में रहती है। वही लड़की के परिजन ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई मांग की है। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया की लड़की के परिजन के तहरीर पर आरोपी पुर्नवासी पुत्र श्रीकांत के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश किया जा रहा है।

# युवती ने शादी से किया इनकार, फूंक दी झोपड़ी, पहले डरा-धमका के बनाता था दबाव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

पीड़ित युवती की मां ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बेटी के पीछे झंगहा का आकाश काफी दिनों से पड़ा है। जब बेटी नाबालिग थी, तभी से आरोपी अपनी मां के कहने पर डरा धमका कर जबरन शादी करने का दबाव बनाता रहा। इसी बीच डरा धमकाकर बेटी का आपत्तिजनक एक वीडियो बना लिया।

चौरीचौरा क्षेत्र के एक गांव की युवती ने शादी करने से इन्कार किया तो पीड़िता को परिवार समेत मारने के लिए मनचले ने साथियों के साथ मिलकर उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। गनीमत रही कि परिवार समेत पीड़िता सुरक्षित बाहर आ गई। युवती की मां की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने झंगहा के आकाश निषाद, उसकी मां और दो अन्य साथियों पर दर्ज किया। सोमवार को क्षेत्र से आकाश निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

पीड़ित युवती की मां ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बेटी के पीछे झंगहा का आकाश



> मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी आकाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बहुत जल्द वे भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। **अनुराग सिंह, सीओ चौरीचौरा**

काफी दिनों से पड़ा है। जब बेटी नाबालिग थी, तभी से आरोपी अपनी मां के कहने पर डरा धमका कर जबरन शादी करने का दबाव बनाता रहा। इसी बीच डरा धमकाकर बेटी का आपत्तिजनक एक वीडियो बना लिया।

इसे वायरल करने की धमकी देकर वह शादी का दबाव बनाने लगा। आरोप है कि तीन दिन से आरोपी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ तमंचा लेकर गांव में घूम रहा था। एक दिन घर आकर वह तमंचा दिखाकर शादी करने की धमकी दी। मना करने पर वह नाराज हो गया। शनिवार रात में अपने साथियों के साथ सामूहिक हत्या करने की कोशिश की और झोपड़ी में आग लगा दिया। इस दौरान बगल में रहने वाले की झोपड़ी भी जल गई। किसी तरह परिवार के लोग जान बचाकर बाहर भागे हैं।

# एक हफ्ते बाद भी क्रॉल से बाहर नहीं आया 'केसरी', सीएम ने किया था नामकरण

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में 20 जनवरी को सीएम योगी ने पीलीभीत से आए बाघ, बहराइच से आए भेड़िए और हाथी गंगा प्रसाद को बाड़ में छोड़ा था। भेड़िए (भैरव व भैरवी) अब वह बाहर निकलने के लिए दिनभर में एक-दो बार ही छलांग लगा रहे हैं। इन सबके साथ रेस्क्यू हाथी सेंटर में आया गंगा प्रसाद पूरी तरह से मस्त है।

चिड़ियाघर के बाड़े में आने के एक हफ्ते बाद भी केसरी (पीलीभीत से आया बाघ) क्रॉल (टहलने के लिए बनाई गई बड़ी जगह) से बाहर नहीं निकल रहा। दर्शक उसे देखने के लिए आ रहे लेकिन उनके हाथ निराशा ही लग रही। जू कीपरों ने भी बाघ को निकालने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। वह क्रॉल से दूसरे वन्यजीवों को देखकर दहाड़



रहा है।

शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में 20 जनवरी को सीएम योगी ने पीलीभीत से आए बाघ, बहराइच से आए भेड़िए और हाथी गंगा प्रसाद को बाड़ में छोड़ा था। भेड़िए (भैरव व भैरवी) अब वह बाहर निकलने के लिए दिनभर में एक-दो बार ही छलांग लगा रहे हैं। इन सबके साथ रेस्क्यू हाथी सेंटर में आया गंगा प्रसाद पूरी तरह से मस्त है। भेड़िया और हाथी चिड़ियाघर के अन्य वन्यजीव की तरह ढल रहे है। भोजन करने के बाद वह बाड़े में टहल और घूम फिर रहे हैं, लेकिन बाघ में अभी तक कोई बदलाव नहीं आया। वह भोजन-पानी तो ले रहा है लेकिन बाहर नहीं निकल रहा।

# त्रिवेणी जाने के लिए सीमा पर लगी वाहनों की लंबी कतार

- मौनी अमावस्या पर नेपाल के त्रिवेणीधाम में लाखों श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी
- सीमा पर लगी श्रद्धालुओं से भरी वाहनों की लंबी कतार, एसएसबी और पुलिस ने संभाला मोर्चा

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर मित्र राष्ट्र नेपाल के त्रिवेणी धाम में गंगा संगम में पुण्य और आस्था की डुबकी लगाने के लिए भारतीय सीमा क्षेत्र के ठूठीबारी बॉर्डर के मुख्य चेक प्वाइंट पर इंट्री कराने और नेपाल के महेशपुर भंसार कार्यलय पर लोगो का तांता लगा रहा। तड़के सुबह से ही मेला क्षेत्र में जाने वाले भारतीय वाहनों स्वामियों और श्रद्धालुओं को भंसार कराने के लिए लंबी कतार लग गई।

मौनी अमावस्या के दिन त्रिवेणी धाम के गंगा संगम में पुण्य और आस्था की डुबकी लगाने और मेला का आनंद लेने के लिए शहर से लेकर गांव तक के लोग निजी साधन बस, ट्रैक्टर ट्राली, मोटरसाइकिल और साइकिल के अलावा पैदल जाने वाले लोग सिर पर गठरी लेकर त्रिवेणी स्नान के लिए जाते हुए दिखे। नेपाल राष्ट्र के त्रिवेणी संगम में स्नान करने के लिए बिहार, यूपी और नेपाल के विभिन्न इलाकों से श्रद्धालु सुविधानुसार ट्रैक्टर, बैलगाड़ी और बस से यहां पहुंच रहे हैं। कयास लगाया जा रहा है की लगभग पांच लाख से अधिक भक्त गंडक नदी के त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाएंगे। परंपरा के मुताबिक स्नान करने के बाद कई भक्त यहां गौदान करते हैं, और मौन रहकर इस पूजा की सफलता की कामना करते हैं। इस दौरान वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के घने जंगल के बीच स्थित कौलेश्वर और जयशंकर शिव मंदिर में भक्त पूजा अर्चना करने के साथ जलाभिषेक भी करते हैं। वही इंडो नेपाल सीमा के ठूठीबारी तैनात में 22वीं बटालियन के एसएसबी जवानों और कोतवाली पुलिस द्वारा चौकसी तेज कर दी गई है, साथ हीं भारत से नेपाल और नेपाल से भारत आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं के सामानों की जांच की जा रही है।

# परीक्षा में लापरवाही: डीडीयू में बीएड की परीक्षा चल रही थी, 75 की जगह 100 अंक का प्रश्नपत्र- शिक्षक खुद हैरान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सीबीसीएस पैटर्न के मुताबिक 100 अंकों में 25 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन होना है, जबकि 75 अंकों का बाह्य मूल्यांकन। करीब सभी कॉलेजों ने आंतरिक मूल्यांकन का अंक चढ़ाकर डीडीयू के पोर्टल पर अपलोड भी कर दिया है। ये प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय समेत 12 केंद्रों पर बीएड विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 जनवरी से चल रही हैं।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में चल रही बीएड के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में एक बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। तृतीय सेमेस्टर के प्रश्नपत्र 75 अंक की जगह 100-100 अंक के आ रहे हैं। प्रश्नपत्र देख परीक्षार्थी भी हैरान हैं। शिक्षकों के पास भी इस चूक का कोई जवाब नहीं है।

सीबीसीएस पैटर्न के मुताबिक 100



अंकों में 25 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन होना है, जबकि 75 अंकों का बाह्य मूल्यांकन। करीब सभी कॉलेजों ने आंतरिक मूल्यांकन का अंक चढ़ाकर डीडीयू के पोर्टल पर अपलोड भी कर दिया है। ये प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय समेत 12 केंद्रों पर बीएड विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 जनवरी से चल रही हैं। 22 जनवरी को ग्रुप ए का पेपर था। इसके बाद 25 को 'प्रिंसिपिल एंड मेथड ऑफ टीचिंग' विषय का पेपर था। ये दोनों पेपर 75-75 अंकों के होने चाहिए थे। लेकिन प्रश्नपत्र के ऊपर पूर्णांक 100 दिया है। अंदर भी 15-15 अंकों में बंटे 5 प्रश्न होने चाहिए लेकिन ये 20-20 अंकों के हैं। परीक्षार्थियों का कहना है कि प्रश्नपत्र 100 अंक के आ रहे हैं, जबकि 75 अंकों का ही बताया गया था। अधिकतम 100 अंक के ही प्रश्नपत्र हैं, जबकि आंतरिक मूल्यांकन को लेकर इस तरह 125 अंक हो जा रहे हैं। शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजेश कुमार सिंह ने दावा किया कि मॉडरेशन में कोई चूक नहीं हुई है। यह प्रिंटिंग प्रेस की चूक है।

# चर्चित 41-41 गैंग के 4 सदस्यों की सड़क हादसे में मौत, 1 सदस्य हादसे के बाद भाग निकला

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

चारों युवक एक पार्टी में शरीक होकर वापस लौट रहे है। लौटते वक्त एक ही बाइक पर चारों युवक सवार थे। चर्चित 41- 41 गैंग के पांच सदस्य सोमवार की देर रात कुशीनगर क्षेत्र में भोजन कर दो बाइक पर पांच युवक हेतिमपुर टोल प्लाजा की तरफ निकले थे। इसी दौरान सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई।



महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चर्चित 41-41 गैंग के चार सदस्यों की मौत हो गई। चारों एक ही बाइक पर सवार थे।

मृत बाइक सवार चार साथियों में कुशीनगर के कसया कोतवाली के भैंसहा गांव निवासी अतुल सिंह (18), भैंसहा, हाटा कोतवाली के शहबाजपुर के पिंटू गोंड (23), हाटा के चकनारायणपुर निवासी अंकित गोंड (21) व हाटा के नारायणपुर के नितेश (20) शामिल रहे।

चारों की मौके पर ही मौत हो गई। इस बात की जानकारी पर पहुंची महुआडीह पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर शव मोर्चरी में भिजवा दिया। हादसे की वजह से हाइवे का दक्षिणी लेन जाम हो गया। इससे आवागमन करीब एक घंटे तक बाधित रहा।

### चार युवकों की हुई मौत से लोग सहम उठे

पुलिस मामले में मंगलवार को आवश्यक कार्रवाई कर शवों का पोस्टमार्टम कराया। चारों एक पार्टी में शरीक होकर वापस लौट रहे है। लौटते वक्त एक ही बाइक पर चारों युवक सवार थे। चर्चित 41- 41 गैंग के पांच सदस्य सोमवार की देर रात कुशीनगर क्षेत्र में भोजन कर दो बाइक पर पांच युवक हेतिमपुर टोल प्लाजा की तरफ निकले थे। मृतक चारों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। वह आगे चल रहे थे। दूसरी बाइक पर सवार युवक पकडीहवा गांव का रहने वाला है। हादसे के बाद वह भाग निकला। पुलिस उसके वहां जाकर पूछताछ की।

# रेलवे स्टेशन पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, नियंत्रित करने में छूटा पसीना

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन स्नान के लिए सोमवार को रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शाम से ही महराजगंज और सिद्धार्थनगर से भी श्रद्धालु भारी संख्या में आ गए। प्लेटफॉर्म दो पर खड़ा होने तक की जगह नहीं मिली तो लोग बाहर ही बैठ गए। रेल प्रशासन ने आनन-फानन में सात स्पेशल ट्रेनें चलाकर लोगों को भिजवाया। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हुई। करीब 50 हजार से ज्यादा भीड़ को नियंत्रित करने में आरपीएफ और जीआरपी को पसीना छूट गया। रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं भीड़ जुटने लगी। भीड़ इस कदर बढ़ गई कि रेल प्रबंधन को रविवार रात



अचानक से दो अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलानी पड़ीं। सोमवार रात तक सवा लाख यात्री सिर्फ प्रयागराज जाने के लिए जंक्शन पहुंच गए। भीड़ बढ़ते देख प्रशासन ने आरपीएफ और जीआरपी की फोर्स उतार दिया। किसी को दिक्कत न हो इसके लिए एक-एक यात्री को लाइन में लगातार बैठाया गया। ये भीड़ मंगलवार को भी रहेगी। यात्रियों की सहूलियत के लिए मौनी अमावस्या पर्व पर 31 जनवरी तक 184 ट्रेनें चलाई जाएंगी।

## महराजगंज में हैवानियत: 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी का आचरण खराब होने के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके में रहती है। ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार के अनुसार, पीड़िता के बाबा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी कि तलाश की जा रही है। टाफी खरीदने गई छह साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर एक व्यक्ति सरसो के खेत में स्थित झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छह साल की बच्ची मंगलवार को टाफी खरीदने गई थी। उसी दौरान एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर पास में एक सरसो के खेत में बनी झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को आप बीती सुनाई तो परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई।

# विरासत गलियारा: गोरखपुर ग्रामीण विधायक के आश्वासन पर माने व्यापारी, अब खुलेंगी दुकानें- 5 दिन से बंद थी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

ग्रामीण विधायक से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक की ओर से सीएम से बात कर व्यापारियों की इस समस्या के समाधान के आश्वासन पर हम व्यापारी दुकान खोलने पर मान गए हैं। परंतु यह आंदोलन इंतजार के साथ चलता रहेगा। बुधवार से व्यापारी दुकानें खोलेंगे। विरासत गलियारा के चौड़ीकरण को लेकर विगत चार दिनों से दुकान बंद कर आंदोलन कर रहे व्यापारियों का पांचवे दिन भी दुकान बंद कर विरोध जारी रहा। व्यापारियों ने ग्रामीण विधायक को समस्या से अवगत कराया जहां विधायक के आश्वासन पर व्यापारी दुकानों को खोलने के लिए मान गए। व्यापारियों



का प्रतिनिधित्व कर रहे पांडेयहाता के व्यापारी अनुराग गुप्ता ने कहा कि 12.5 मीटर चौड़ा बनाया जाने वाला विरासत गलियारा हम सभी के रोजगार को समाप्त कर देगा। आठ मीटर की सड़क में भी सड़क चौड़ी दिखेगी आवागमन में बाधा न होने के साथ ही व्यापारियों की दुकानें भी चलेंगी। उनका कहना था कि मंगलवार को भी दुकानें बंद कर हम व्यापारी प्रदर्शन किए हैं। ग्रामीण विधायक से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक की ओर से सीएम से बात कर व्यापारियों की इस समस्या के समाधान के आश्वासन पर हम व्यापारी दुकान खोलने पर मान गए हैं। परंतु यह आंदोलन इंतजार के साथ चलता रहेगा। बुधवार से व्यापारी दुकानें खोलेंगे।